Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 112 | सोमवार, 27 अप्रैल-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## '4 मई के बाद टीएमसी के हर गुंडे, हर अत्याचारी और हर भ्रष्टाचारी का हिसाब होगा', बंगाल में बरसे पीएम मोदी

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**पश्चिम बंगाल।** प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के आरमबाग में चुनावी रैली को संबोधित किया है। इससे पहले उन्होंने बनगांव में जनसभा को संबोधित किया था। वहीं आरमबाग की रैली में भी पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा, कुछ समय पहले मैं सिंगूर आया था, उसी समय मैंने टीएमसी की निर्मम सरकार के प्रति जनता का गुस्सा साफ-साफ देख रहा था। आज मैं फिर देख रहा हूं, वो गुस्सा अपने चरम पर पहुंच चुका है, और इस गुस्से में बंगाल का एक ही उद्देश्य है। 15 साल तक टीएमसी ने बंगाल के लोगों को लूटा, लेकिन ये लोग एक चीज भूल गए, जब अत्याचार की हद हो जाती है, तो जनता मां दुर्गा का रूप धर कर अन्याय का विसर्जन कर देती है। आज बंगाल के हर बूथ पर उमड़ता जनसैलाब कह रहा है, भय डवळ-भरोसा क्ठ।

### टीएमसी को गुंडे और मस्तान चलाते हैं- प्रधानमंत्री

पीएम मोदी ने आगे कहा कि टीएमसी की निर्मम सरकार, नबन्ना सचिवालय से नहीं चलती है। इस सरकार को या तो गुंडे और मस्तान चलाते हैं या फिर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार हरकत में आती है। मैंने कहा था कि बंगाल में मतदान के सभी पिछले रिकॉर्ड टूट जाएंगे, और बंगाल की जनता ने 23 अप्रैल को इसे सच कर दिखाया। अब आपको 23 अप्रैल को बने रिकॉर्ड को तोड़ना होगा।जनता के मिजाज का अंदाजा न लगा पाने वाले लोग भारी संख्या में मतदाताओं के आने से हैरान हैं। टीएमसी नेता चिंतित हैं क्योंकि उन्होंने इतनी भारी संख्या में मतदान की उम्मीद नहीं की थी।

### 'टीएमसी सरकार की विश्वसनीयता शून्य'

टीएमसी पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि निर्मम सरकार ने यहां अपने कुकर्मों से बंगाल की जनता का भरोसा खो दिया है, इसलिए लोग आए दिन कोर्ट-कचहरी जाने को मजबूर हैं। शिक्षक भर्ती घोटाला, टीएमसी के मंत्रियों ने भर्ती लूट ली, हजारों युवाओं को बर्बाद कर दिया। संवेदनशील सरकार होती तो ईमानदारी से जांच करती, लेकिन कोर्ट को इस मामले में जांच के आदेश देने पड़े। यानी टीएमसी सरकार की विश्वसनीयता शून्य है। 2023 के पंचायत चुनावों के दौरान, जिनका संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी उन्हीं के हाथों में होती है, न्यायालय इस बात से आश्वस्त हुआ कि टीएमसी सरकार सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं है, और इसलिए न्यायालय ने केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया। इसका अर्थ है कि टीएमसी की विश्वसनीयता शून्य है। एक अन्य उदाहरण संदेशखाली मामले की जांच है। इसमें भी न्यायालय ने टीएमसी सरकार पर सवाल उठाए।

### 'नारी का सशक्तिकरण हमारी सरकार की प्राथमिकता'

पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नारी का सशक्तिकरण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। भाजपा, बहनों-बेटियों को नए अवसर देने में जुटी है। लखपति दीदी अभियान के पीछे यही सोच है। इसके तहत बंगाल की 75 लाख बहनों को यहां बनने वाली भाजपा सरकार मदद देगी ताकि वे लखपति दीदी बनें, ताकि वे हर साल एक लाख रुपये से अधिक कमा सकें। बंगाल की बेटियां अपने मन का रोजगार करें, इसके लिए उन्हें 20 लाख रुपये तक का मुद्रा लोन मिलेगा। भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में यहां 'आयुष्मान भारत योजना' लागू होने का फैसला होगा। इससे बहनों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

### 'हर महिला टीएमसी की क्रूर सरकार के खिलाफ'

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि बंगाल की महिलाओं ने अपना मन बना लिया है और उनका आशीर्वाद भाजपा के साथ है। हर महिला टीएमसी की क्रूर सरकार के खिलाफ खड़ी है, और चुनाव के पहले चरण में हमें इसकी झलक देखने को मिली।

बंगाल कभी महिला सशक्तिकरण का अगुआ हुआ करता था, लेकिन अब यहां दुष्कर्म और हत्याओं की खबरें आती हैं। बंगाल के 15 वर्षों के जंगल राज के दौरान कई क्रूर दुष्कर्म और

## इंदिरा गांधी से मदर टेरेसा तक, तस्वीरों से इतिहास लिखने वाले रघु राय ने दुनिया को कहा अलविदा

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** देश के दिग्गज फोटो जर्नलिस्ट और प्रतिष्ठित फोटोग्राफर रघु राय का रविवार को 83 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी उनके परिवार ने सोशल मीडिया के जरिए दी। आज शाम 4 बजे दिल्ली के लोधी श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। रघु राय को भारतीय फोटोग्राफी और फोटो पत्रकारिता का 'जनक' माना जाता है। उन्होंने अपने पांच दशक से अधिक के करियर में देश और दुनिया की कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक घटनाओं को अपने कैमरे के जरिए अमर कर दिया।

### इतिहास को कैमरे में किया कैद

रघु राय का जन्म 1942 में अविभाजित भारत के झंग (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। उन्होंने 1962 में फोटोग्राफी को अपना करियर बनाया। उन्होंने आधुनिक भारतीय इतिहास की कुछ सबसे मार्मिक और अहम घटनाओं को अपने कैमरे में कैद किया। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ उन्होंने लंबे समय तक काम किया और उनके कार्यकाल के कई ऐतिहासिक पल कैमरे में दर्ज किए। मदर टेरेसा पर की गई उनकी फोटोग्राफी को दुनिया भर में काफी सराहा गया।

1972 का बांग्लादेश शरणार्थी संकट और 1984 की भीषण भोपाल गैस त्रासदी की उनकी तस्वीरें इतनी प्रभावशाली थीं कि उन्होंने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया था।

## आसनसोल में कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या पर भड़के राहुल गांधी, बोले- ममता राज में लोकतंत्र खत्म

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**पश्चिम बंगाल।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल में कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की कथित हत्या के बाद सियासी माहौल गरमा गया है। इस घटना पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए ममता बनर्जी की सरकार पर सीधा निशाना साधा है। राहुल गांधी ने इसे बंगाल में लोकतंत्र की जगह 'टीएमसी का गुंडा राज' चलने जैसा बताया है। देबदीप चटर्जी आसनसोल उत्तर से कांग्रेस उम्मीदवार प्रसेनजीत पुइतांडी के साथ काम करते थे।

### राहुल गांधी ने टीएमसी पर लगाए गंभीर आरोप

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि चुनाव के बाद टीएमसी से जुड़े गुंडों द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की हत्या बेहद शर्मनाक है। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बंगाल में विपक्ष की आवाजों को डराना, उन्हें मारना और मिटाना टीएमसी का स्वभाव बन गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में हो रही राजनीतिक हिंसा लगातार लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है।

### कांग्रेस हमेशा अहिंसा के रास्ते पर रही है

राहुल गांधी ने अपनी पार्टी का पक्ष रखते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी है और न ही कभी टिकेगी। उन्होंने कहा, 'हमने भी अपने कई कार्यकर्ता खोए हैं, लेकिन इसके बावजूद हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है। यही हमारी विरासत है और यही हमारा संकल्प है।'

### कांग्रेस की मांग

कांग्रेस ने ममता सरकार से इस मामले में तत्काल और ठोस कार्रवाई की मांग की है। पार्टी ने अपनी मांग साफ तौर पर रखी है कि सभी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उन्हें सबसे सख्त सजा मिले। देबदीप के परिवार को पूरी सुरक्षा दी जाए और परिवार को उचित मुआवजा मिलना चाहिए।

राहुल गांधी ने अंत में कहा कि भारत की अहिंसक परंपरा को कलंकित करने वाली इस राजनीति के सामने कांग्रेस झुकने वाली नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवार को न्याय जरूर मिलेगा।

## लग्जरी अपार्टमेंट में आग से मचा बवाल, बिल्डर की लापरवाही पर सड़कों पर उतरे निवासी



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सेक्टर 63E स्थित एक आवासीय परिसर 'अनंतराज एस्टेट' के दोलग्जरी फ्लैट में भीषण आग लगने की घटना के बाद शनिवार को निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने बिल्डर और यहां रखरखाव करने कंपनी पर लापरवाही और सेवाओं में कमी के आरोप लगाए। पुलिस के मुताबिक बुधवार को आग लगने की वजह से दो फ्लैट को भारी नुकसान पहुंचा था। परिसर के निवासियों ने शनिवार को जले हुए फ्लैट की तस्वीरें दिखाकर अपना रोष व्यक्त किया। उनका कहना था कि इन फ्लैट के लिए उन्होंने भारी-भरकम राशि चुकाई है, लेकिन सुरक्षा के नाम पर उनके साथ धोखाधड़ी की गई है। प्रभावित परिवारों ने पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हुए बिल्डर से वैकल्पिक आवास और उचित हजार्ने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि बिल्डर नुकसान की शत-प्रतिशत भरपाई करे। साथ ही, पूरी सोसाइटी के अग्नि सुरक्षा मानकों और इस्तेमाल बिजली उपकरणों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मामले में पक्ष जानने के लिए बिल्डर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उससे संपर्क नहीं हो सका।

## हरभजन सिंह पर आप-बीजेपी में सीधी जंग, सुरक्षा हटते ही केंद्र ने बढ़ाया हाथ

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**पंजाब।** पंजाब की राजनीति में इस समय काफी हलचल मची हुई है। राज्य की 'आप' सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए पूर्व क्रिकेटर और राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह की 'जेड प्लस' सुरक्षा वापस ले ली है। रविवार को उनके जालंधर वाले घर से सुरक्षाकर्मियों को हटा दिया गया। हालांकि, अब केंद्र सरकार ने तुरंत कदम उठाते हुए हरभजन सिंह को अपनी ओर से सुरक्षा मुहैया करा दी है। यह पूरा मामला तब सामने आया है जब पार्टी के भीतर नेताओं के छोड़ने की खबरें और सियासी तनाव बढ़ गया है।

### सुरक्षा को लेकर बड़ा बदलाव

सूत्रों के अनुसार, यह फैसला राज्य में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रमों को देखते हुए लिया गया है। इससे पहले राघव चड्ढा की सुरक्षा में भी बदलाव किए गए थे, जो आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्हें भी केंद्र सरकार ने जेड प्लस सुरक्षा दी थी। अब हरभजन सिंह के मामले में भी केंद्र ने सुरक्षा का जिम्मा उठा लिया है।

### पार्टी छोड़ने की अटकलें

राघव चड्ढा ने दावा किया था कि आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें हरभजन सिंह का नाम भी शामिल है।

हालांकि, हरभजन सिंह ने इस पर अभी तक कुछ भी नहीं कहा है। वहीं, 'आप' नेतृत्व ने इन दावों को गलत बताते हुए कहा है कि केवल तीन सांसदों ने ही पार्टी छोड़ी है। हरभजन सिंह की इस चुप्पी ने राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज कर दी है।

### कार्यकताओं का विरोध

पार्टी छोड़ने की खबरों से 'आप' के कार्यकर्ता काफी नाराज हैं। जालंधर, लुधियाना और फगवाड़ा जैसे शहरों में सांसदों के घरों और दफ्तरों के बाहर विरोध प्रदर्शन किए गए हैं। दीवारों पर गलत नारे भी लिखे गए हैं, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया है। हालांकि पुलिस वहां मौजूद रही, लेकिन प्रदर्शनकारियों पर ज्यादा सख्ती नहीं दिखी।

### सीएम मान और संजय सिंह की सक्रियता

इस तनाव के बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान काफी सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा है। माना जा रहा है कि वे उन सांसदों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग कर सकते हैं जो पार्टी छोड़ रहे हैं। दूसरी ओर, 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी उपराष्ट्रपति से मिलने वाले हैं ताकि इन सांसदों की सदस्यता रद्द करने की मांग की जा सके। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले यह उठापटक पार्टी के भविष्य और चुनावी समीकरणों के लिए बड़े बदलाव के संकेत हैं।

## राम की अयोध्या में गूंजेगा हर-हर महादेव, सीएम योगी करेंगे शिव मंदिर पर ध्वजारोहण

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में चल रहे धार्मिक आयोजनों की कड़ी में अब शिव मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण की तैयारी पूरी हो चुकी है। मंदिर परिसर में पहले ही रामलला, माता अन्नपूर्णा, सूर्यदेव, हनुमान जी और गणेश मंदिरों में ध्वजारोहण हो चुका है। अब 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिव मंदिर पर ध्वज फहराएंगे। इस कार्यक्रम को लेकर अयोध्या में खास तैयारियां की जा रही हैं।

### ध्वजारोहण का कार्यक्रम

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने इस कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 29 अप्रैल को शाम 5 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिव मंदिर पर ध्वजारोहण करेंगे। इस कार्यक्रम के बाद भक्त मंदिर परिसर में जाकर दर्शन कर सकेंगे। चम्पत राय ने बताया कि इस आयोजन में लगभग 700 खास मेहमानों को बुलाया गया है।

### मेहमानों के लिए प्रवेश और पार्किंग

आने वाले मेहमानों के लिए प्रवेश और पार्किंग की खास व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में आने के लिए प्रवेश के रास्ते इस प्रकार होंगे, रंगमहल आश्रम (रामकोट) की तरफ से। अमावा राम मंदिर होते हुए रामगुलेला मंदिर बैरियर की ओर से। बिरला धर्मशाला के सामने जगद्गुरु रामानन्दाचार्य द्वार से। गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था टेढ़ी बाजार चौराहे पर अरुन्धती भवन, टेढ़ी बाजार से गोकुल भवन की ओर और ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा के पास की गई है।

### सुरक्षा और सजावट के इंतजाम

कार्यक्रम के लिए मंदिर परिसर को बहुत सुंदर तरीके से सजाया जा रहा है। वहीं, अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था भी बहुत कड़ी की जा रही है। पुलिस और प्रशासन की टीमें पूरी सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगी ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से पूरा हो सके।

## पश्चिम बंगाल में अमित शाह का ममता पर वार, बीजेपी आई तो रात 1 बजे भी बेटियां रहेंगी सेफ

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के पुरबा बर्धमान ज़िले के एक गाँव जमालपुर में एक चुनावी रैली के दौरान, राज्य में महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार हमला बोला। रैली को संबोधित करते हुए शाह ने राज्य में हो रहे कई अपराधों को लेकर ममता पर निशाना साधा और लोगों द्वारा सत्ता में लाए जाने पर इन अपराधों को रोकने का वादा किया। रैली में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि ममता के शासन के पिछले पंद्रह सालों में, अगर किसी को सबसे ज्यादा तकलीफ उठानी पड़ी है, तो वे हमारी माताएँ और बहनें हैं। आरजी कर, संदेशखाली, कलकत्ता लॉ कॉलेज और दुगार्पुर कॉलेज जैसी घटनाएँ दिखाती हैं कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार हर जगह हुए हैं। अब 'दीदी' कहती हैं कि महिलाओं को शाम 7 बजे के बाद अपने घरों से बाहर नहीं निकलना चाहिए। मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि 5 तारीख के बाद, एक छोटी लड़की भी रात 1 बजे बाहर निकल पाएगी, और किसी गुंडे की हिम्मत नहीं होगी कि वह उसकी तरफ आँख उठाकर भी देख सके। गृह मंत्री ने दावा किया कि कोई भी बीजेपी सीएम महिलाओं से यह नहीं कहता कि वे 'शाम 7 बजे के बाद बाहर न निकलें' और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रहने के लिए ममता की आलोचना की। शाह ने आगे कहा, 'देश भर में जिन भी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है, वहां के मुख्यमंत्री ने कभी यह नहीं कहा कि महिलाओं को शाम 7 बजे के बाद अपने घरों से बाहर नहीं निकलना चाहिए। ममता दीदी, आपको शर्म आनी चाहिए। आप एक महिला मुख्यमंत्री हैं, फिर भी आप महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रही हैं। भारतीय जनता पार्टी यह वादा करती है कि अगर किसी गुंडे ने भी हमारी माताओं और बहनों की तरफ बुरी नजर से देखने की हिम्मत की, तो उसे जेल में डाल दिया जाएगा।

### शाह को पहले चरण में 110 से ज्यादा सीटें जीतने का भरोसा

इस बीच, शाह को भरोसा है कि भगवा पार्टी को वोटिंग के पहले चरण में 110 से ज्यादा सीटें मिलेंगी, जिसमें 152 सीटों पर वोट डाले गए थे। उन्होंने कहा, 'हमें जो फीडबैक मिला है, उसके मुताबिक पश्चिम बंगाल की जनता ने पहले चरण में ही अपना फैसला कर लिया है। 16 ज़िलों की 52 सीटों पर 92.98 फीसदी वोटिंग से पता चलता है कि 'दीदी' की विदाई तय है और भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आने वाली है। डर खत्म होगा और उसकी जगह भरोसा लेगा। कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कल रात कमेटी के सदस्यों के साथ हालात का जायजा लेने के बाद, हमारा अनुमान है कि BJP 152 में से 110 से ज्यादा सीटें जीतेगी।

## वैश्विक मंच पर लहराया भारतीय चीज का परचम, मोदी ने 'मन की बात' में की तारीफ

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में वैश्विक मंच पर भारतीय चीज की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि डेयरी सेक्टर में मूल्यवर्धन ने देश के पारंपरिक स्वाद को नयी पहचान दी है।

मोदी ने पिछले दिनों ब्राजील में आयोजित एक अन्तर्राष्ट्रीय चीज प्रतियोगिता में भारतीय चीज के दो ब्रांड को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने का उल्लेख किया और भारतीय चीज की विविधता तथा कुछ विशेषताओं के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि देश के डेयरी सेक्टर में एक बहुत बड़ा बदलाव आ रहा है। इस सेक्टर में मूल्यवर्धन ने पारंपरिक स्वाद को एक नयी पहचान दी है। उन्होंने कहा, 'आज भारतीय चीज दुनिया-भर में अपनी जगह बना रही है। दुनिया की प्लेटों में भारत का स्वाद पहुंच रहा है।' प्रधानमंत्री ने बताया कि जम्मू-कश्मीर की कलारी चीज को 'कश्मीर का मोजेरेला' कहा जाता है। गुज्जर-बकरवाल समुदाय के लोग, पीढ़ियों से इसे बनाते और खाते आये हैं। सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में 'छुरपी' बहुत प्रसिद्ध है। पहाड़ों की सादगी और कोमलता इसके स्वाद में भी महसूस होती है। इस चीज की खास बात यह है कि इसे याक के दूध से बनाया जाता है। महाराष्ट्र और गुजरात में 'टोपली नु पनीर' जिसे 'सुरती चीज' भी कहा जाता है, अपनी एक अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि आज अनेक कंपनियां इस क्षेत्र में निवेश कर रही हैं। आधुनिक तकनीक आ रही है, बेहतर पैकेजिंग हो रही है और भारतीय उत्पाद वैश्विक मानकों पर खरे उतरते हुए आगे बढ़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि भारतीय चीज अब देश की सीमाओं से निकलकर दुनिया के बाजारों और रेस्तरां तक पहुंच रही है। 'लोकल से ग्लोबल' में भारतीय चीज का उदाहरण हमें आगे की दिशा दिखाता है।

## संपादक की कलम से

# भारतीय राजनीति के ये जय चंद और मीर जाफर

सिद्धांत व विचारविहीन राजनीति करते हुये अपनी सुविधा,लाभ व राजनैतिक भविष्य के मद्देनजर दल बदल करना हमारे देश में एक हकीकत बन चुकी है। सच पूछिए तो वर्तमान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की पूरी सत्ता इस समय दल बदलुओं के भरोसे ही चल रही है। इस समय केंद्रीय मंत्री,मुख्य मंत्री,सांसद विधायक जैसे तमाम पदों पर कल के कांग्रेसी आज के भाजपाई बने देखे जा सकते हैं। इनमें कई तो लंबे समय तक विपक्ष की भूमिका में न रह पाने और संघर्ष व



ललित शर्मा
संपादक

विपक्ष की राजनीति में सक्षम न हो पाने के कारण किसी न किसी बहाने से भाजपा में शामिल हुये। तो कई भ्रष्ट लोग जेल जाने या कानूनी कार्रवाई से बचने के लिये 'राजनैतिक धर्म परिवर्तन ' करने को मजबूर हुये। कुछ नेता डर,लालच या भयवश इधर से उधर करने को बाध्य हुये तो दल बदल के लिये उतावले कई नेता पार्टी में अपनी उपेक्षा का बहाना बनाकर चलते बने। यह और बात है कि ऐसे अनेक लोग दल बदल कर जहाँ गए वहां भी वे देखते देखते लापता हो गये। पिछले दिनों आम आदमी पार्टी को भी उस समय एक बार फिर जबरदस्त झटका लगा जबकि उसके राज्य सभा के दस में से सात सांसदों ने दल बदल कर भाजपा में शरण ले ली। ये सभी सात सांसद पंजाब राज्य से निर्वाचित होकर आये थे। गौरतलब है कि इस समय आम आदमी पार्टी केवल पंजाब में ही सत्ता में है। और इसी राज्य के 7 राज्य सभा सांसदों के पार्टी बदलने के बाद अब कई विधायकों के भी दल बदल की संभावना जताई जा रही है। इस दल बदल के मुख्य सूत्रधार के रूप में राघव चड्ढा को देखा जा रहा है। राघव चड्ढा वही हैं जो कई बार यह कह चुके हैं कि भाजपा अनपढ़ व गुंडों की पार्टी है। यह गुंडों को संरक्षण देने वाली पार्टी है। राघव चड्ढा पिछले दिनों राज्यसभा में उठाये गये कई जनहितकारी मुद्दों को लेकर जनता में काफी लोकप्रिय हो गये थे। उन्होंने संसद में गिग वर्कर्स की सुरक्षा, एयरपोर्ट पर आम लोगों को मिलने वाला महंगा खाना, गरीब आदमी का मिनिमम बैलेंस कम होने पर उसपर लगने वाली बैंक पैनल्टी, पैटरनिटी लीव, स्वास्थ्य सेवा, इनकम टैक्स जैसे अनेक मुद्दे उठाये थे। तथा इन मुद्दों पर सरकार से एक्शन लेने की मांग भी की थी। इन दलबदल करने वालों में एक राज्यसभा सांसद का नामअशोक मित्तल है। ये उस लवली ग्रुप के मालिक हैं जिसका वार्षिक टर्नओवर 850 करोड़ का बताया जा रहा है। मित्तल, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, लवली ऑटोज, लवली स्वीट्स जैसे संस्थानों के स्वामी हैं। अभी कुछ दिन पहले ही मित्तल के लगभग सभी ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ED) की छापेमारी भी हुई थी। और आखिरकार इन्होंने भी भाजपा की शरण में जाकर अपने 'व्यवसायिक साम्राज्य' की रक्षा करने में ही अपनी भलाई समझी। बहरहाल जितने भी चेहरे आम आदमी पार्टी छोड़ भाजपा में गये हैं उनमें से किसी का भी कोई पूर्व राजनैतिक अनुभव नहीं है। हरभजन सिंह क्रिकेटर को छोड़ जिसने भी अपनी पहचान बनाई है वह केजरीवाल व आप पार्टी के साथ काम कर ही बनाई है। हालांकि केजरीवाल व आप का साथ छोड़कर जाने वाले नेताओं की फेहरिस्त भी बहुत लंबी है। यह भी सच है कि केजरीवाल के आचरण व स्वभाव में जरूर कुछ न कुछ कमी है जिसके चलते प्रशांत भूषण व योगेंद्र यादव जैसे अनेक बुद्धिजीवी व सुलझे हुये लोग भी केजरीवाल को छोड़कर चले गये। परन्तु इस ताजातरीन दलबदल के बाद जनता की राय बिल्कुल विपरीत है। जनता इस बार के दलबदलुओं की तुलना इतिहास के गद्दार जय चंद व मीर जाफर से कर रही है। यह सरासर पंजाब के उनलोगों से धोखा व गद्दारी है जिन्होंने इन 'दलबदलुओं ' को मान सम्मान देकर राज्य सभा में भेजा।

# डिजिटल पदचिह्न और भूले हुए अधिकार



**डॉ विजय गर्ग**
लेखक

स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के युग में मेमोरी ने एक नया रूप ले लिया है। जो क्षण कभी लुप्त होती हुई तस्वीरों या व्यक्तिगत डायरी में संग्रहीत होते थे, वे अब डिजिटल दुनिया में स्थायी रूप से जीवित रहते हैं। उन्हें विभिन्न प्लेटफार्मों पर अपलोड, साझा और संग्रहित किया जाता है।

जन्मदिन, उपलब्धियां, राय और यहां तक कि गलतियाँ भी आश्चर्यजनक स्पष्टता के साथ संरक्षित हैं। हालांकि यह डिजिटल मेमोरी सुविधा और कनेक्शन प्रदान करती है, लेकिन इससे एक महत्वपूर्ण प्रश्न भी उठता है: क्या सब कुछ हमेशा के लिए याद रखा जाना चाहिए?

यहीं पर भुलाए जाने के अधिकार का विचार गहराई से प्रासंगिक हो जाता है। स्थायी स्मृति का उदय फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे प्लेटफार्मों ने रोजमर्रा के उपयोगकताओं को निरंतर सामग्री निमार्ता बना दिया है। प्रत्येक पोस्ट, टिप्पणी या फोटो बढ़ते डिजिटल पदचिह्न का हिस्सा बन जाती है।

मानव स्मृति के विपरीत, जो समय के साथ लुप्त हो जाती है, डिजिटल स्मृति स्थायी होती है। वर्षों पहले लिखी गई कोई पोस्ट कुछ ही सेकंड में पुनः सामने आ सकती है, जो अक्सर अपने मूल संदर्भ से बाहर हो जाती है।

इस स्थायित्व से लाभ होता है - यादें संरक्षित रहती हैं, खोए हुए संबंधों को पुनः खोजा जा सकता है, तथा व्यक्तिगत इतिहास का दस्तावेजीकरण किया जा सकता है। लेकिन इसका मतलब यह भी है कि पिछली गलतियाँ, पुरानी राय या कमजोरियों के क्षण किसी व्यक्ति को उसके बदलने के बाद भी परिभाषित कर सकते हैं। भुलाए जाने का अधिकार क्या है? भुलाए जाने का अधिकार यह विचार है कि व्यक्तियों को इंटरनेट से व्यक्तिगत जानकारी हटाने का अनुरोध करने की क्षमता होनी चाहिए, विशेषकर तब जब वह प्रासंगिक, सटीक या आवश्यक न हो। यह सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन (जीडीपीआर) जैसे कानूनी ढांचे से निकटता से जुड़ा हुआ है, जो व्यक्तियों को विशिष्ट शर्तों के तहत कुछ व्यक्तिगत डेटा को हटाने का अधिकार देता है।

मूलतः यह अधिकार गरिमा और नियंत्रण के बारे में है। यह स्वीकार करता है कि लोग विकसित होते हैं और अपने अतीत से आगे बढ़ने का अवसर पाने के हकदार होते हैं, बिना इसके कि उनका लगातार मूल्यांकन किया जाए।

स्मृति और स्वतंत्रता के बीच संघर्ष डिजिटल स्मृति और भुलाए जाने का अधिकार अक्सर तनाव में रहते हैं। एक ओर, सूचना को संरक्षित करने का मूल्य है। पत्रकारिता संबंधी अभिलेख, ऐतिहासिक घटनाएं और सार्वजनिक जवाबदेही अतीत के आंकड़ों तक पहुंच पर निर्भर करती हैं। दूसरी ओर, व्यक्तिगत डेटा तक असीमित पहुंच व्यक्तियों को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे उनका करियर, रिश्ते और मानसिक कल्याण प्रभावित हो सकता है।

उदाहरण के लिए, किसी किशोर के अतीत की कोई विवादास्पद पोस्ट कई वर्षों बाद नौकरी के आवेदन के दौरान पुनः सामने आ सकती है। क्या उस क्षण को उनके भविष्य की पहचान बनानी चाहिए? इसका उत्तर सरल नहीं है। यह सार्वजनिक हित और व्यक्तिगत मुक्ति के बीच कहीं है।

सोशल मीडिया और एल्गोरिदमिक रिकॉल आधुनिक प्लेटफॉर्म सिर्फ निष्क्रिय भंडारण प्रणालियां नहीं हैं, वे उपयोगकताओं को सक्रिय रूप से उनके अतीत की याद दिलाते हैं। विस्मृतियाँ या विस्तुत इस दिन पोस्ट पुरानी सामग्री को वापस लाते हैं, कभी-कभी भावनात्मक संदर्भ पर विचार किए बिना। एआई-संचालित एल्गोरिदम पुराने पोस्टों को भी बढ़ा देते हैं, यदि वे पुनः सक्रिय हो जाते हैं, जिससे उनका जीवनकाल मूल रूप से निर्धारित समय से कहीं अधिक बढ़ जाता है। इससे ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है जहां भूलना अब स्वाभाविक नहीं रह जाता। इसके लिए अनुरोध किया जाना चाहिए, प्रबंधित किया जाना चाहिए और कभी-कभी इसके लिए संघर्ष किया जाना चाहिए।

कार्यान्वयन में चुनौतियाँ यद्यपि भुलाए जाने का अधिकार वैचारिक रूप से आकर्षक है, लेकिन इसका व्यावहारिक अनुप्रयोग जटिल है। कौन तय करता है कि क्या मिटाया जाना चाहिए? क्या सार्वजनिक व्यक्तियों को निजी व्यक्तियों के समान अधिकार होने चाहिए? क्या ऐसी दुनिया में जानकारी को सचमुच हटाया जा सकता है, जहां डेटा को कई सर्वरों पर कॉपी, साझा और संग्रहीत किया जाता है?

इसके अलावा, दुरुपयोग का भी खतरा है। भुलाए जाने के अधिकार का उपयोग वैध आलोचना को मिटाने या इतिहास को पुनः लिखने के लिए किया जा सकता है। गोपनीयता और पारदर्शिता के बीच संतुलन बनाना डिजिटल युग की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बना हुआ है।

जिम्मेदार डिजिटल नागरिकता की ओर व्यक्तिगत रूप से हम भी जिम्मेदारी लेते हैं। हम जो साझा करते हैं, उसके प्रति सचेत रहना, दूसरों की गोपनीयता का सम्मान करना, तथा डिजिटल कार्यों के दीर्घकालिक प्रभाव को समझना आवश्यक कदम हैं। डिजिटल साक्षरता अब वैकल्पिक नहीं है, यह एक आवश्यकता है। साथ ही, प्रौद्योगिकी कंपनियों को ऐसी प्रणालियां डिजाइन करनी होंगी जो उपयोगकर्ता नियंत्रण को प्राथमिकता दें, तथा डेटा प्रबंधन और विलोपन के लिए स्पष्ट विकल्प प्रदान करें। नीति निमार्ताओं को भी ऐसे कानूनों में सुधार जारी रखना चाहिए जो जनता के सूचना प्राप्त करने के अधिकार से समझौता किए बिना व्यक्तियों की सुरक्षा करते रहें। निष्कर्ष डिजिटल मेमोरी ने मानवता को याद रखने की अभूतपूर्व क्षमता प्रदान की है। लेकिन इसके साथ ही भूलने की आवश्यकता भी आती है। भुलाए जाने का अधिकार अतीत को मिटाने के बारे में नहीं है, बल्कि व्यक्तियों को उससे आगे बढ़ने की स्वतंत्रता देने के बारे में है।

ऐसी दुनिया में जहां हर चीज को संग्रहीत, साझा और खोजा जा सकता है, शायद सच्ची प्रगति न केवल यह सीखने में निहित है कि कैसे याद रखें, बल्कि कब छोड़ें।

# सभ्यताओं के चौराहे पर खड़ा विश्व: विकास, वर्चस्व और विघटन के बीच मानवता का मौन संघर्ष



**एन0के0शर्मा**
लेखक

समकालीन विश्व एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रहा है, जहाँ प्रगति का शोर जितना तेज है, भीतर का संकट उतना ही गहरा और जटिल होता जा रहा है। यह केवल समय का सामान्य उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि एक व्यापक और बहुस्तरीय परिवर्तन है, जो मानव जीवन के हर आयाम को प्रभावित कर रहा है। सामाजिक संरचनाओं का विघटन, राजनीतिक मूल्यों का ह्रास, आर्थिक असमानताओं का विस्फोट और सांस्कृतिक पहचान का क्षरण–ये सभी मिलकर एक ऐसी परिस्थिति निर्मित कर रहे हैं, जिसमें विकास और विनाश के बीच की रेखा धुंधली होती जा रही है।

यदि सामाजिक संरचना की परतों को गहराई से देखा जाए, तो स्पष्ट होता है कि आधुनिकता ने व्यक्ति को स्वतंत्र तो किया है, परंतु उसे एकाकी भी बना दिया है। संयुक्त परिवारों का विघटन, पारंपरिक संबंधों की शिथिलता और सामाजिक उत्तरदायित्वों से दूरी–ये सब मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं जहाँ व्यक्ति अपने ही अस्तित्व के प्रश्नों से जूझ रहा है। मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएँ, अवसाद, तनाव और असंतोष का बढ़ता ग्राफ इस बात का संकेत है कि भौतिक समृद्धि के बावजूद आंतरिक संतुलन खोता जा रहा है। डिजिटल युग में, जहाँ संचार के साधन असीमित हो गए हैं, वहीं संवाद की गहराई समाप्त होती जा रही है। मनुष्य स्क्रीन के माध्यम से जुड़ा हुआ है, परंतु आत्मिक स्तर पर अलग-थलग पड़ता जा रहा है।

राजनीतिक स्तर पर स्थिति और भी चिंताजनक है। सत्ता के लिए संघर्ष अब केवल विचारधाराओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह एक प्रकार का वैश्विक खेल बन चुका है, जिसमें नैतिकता और जनहित अक्सर हाशिए पर चले जाते हैं। लोकतंत्र की आत्मा, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और जन-भागीदारी पर आधारित थी, अब कई स्थानों पर केवल एक औपचारिक प्रक्रिया बनकर रह गई है। चुनावी राजनीति में धनबल और बाहुबल का प्रभाव बढ़ा है, और नीतियाँ अक्सर जनकल्याण के बजाय सत्ता के संरक्षण के लिए बनाई जाती हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शक्ति-संतुलन की राजनीति ने सहयोग की भावना को कमजोर किया है। वैश्विक संस्थाएं, जो शांति और स्थिरता के लिए बनी थीं, कई बार स्वयं ही शक्ति-संघर्ष का हिस्सा बन जाती हैं।

आर्थिक परिदृश्य में असमानता का जो स्वरूप उभर कर सामने आया है, वह अभूतपूर्व है। वैश्वीकरण और उदारीकरण के माध्यम से जो आर्थिक ढांचा तैयार किया गया, उसने कुछ देशों और कंपनियों को अत्यधिक समृद्ध बनाया, परंतु इसके साथ ही एक विशाल वर्ग को हाशिए पर भी धकेल दिया। यह विडंबना है कि जहाँ एक ओर तकनीकी उन्नति और उत्पादन क्षमता अपने चरम पर है, वहीं दूसरी ओर भूख, बेरोजगारी और गरीबी जैसी समस्याएँ अभी भी व्यापक रूप से मौजूद हैं। श्रम का मूल्य लगातार घट रहा है, जबकि पूंजी का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते उपयोग ने रोजगार के स्वरूप को बदल दिया है, जिससे लाखों लोग असुरक्षा और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे हैं।

सांस्कृतिक स्तर पर जो परिवर्तन हो रहे हैं, वे केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक चेतना को भी प्रभावित कर रहे हैं। परंपराओं और मूल्यों का स्थान धीरे-धीरे उपभोक्तावादी संस्कृति ले रही है, जहाँ जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख और तात्कालिक संतुष्टि तक सीमित होता जा रहा है। मीडिया और मनोरंजन उद्योग ने एक ऐसी जीवनशैली को बढ़ावा दिया है, जिसमें गहराई और गंभीरता के लिए बहुत कम स्थान बचा है। भाषाओं का लोप, लोक-कला और परंपराओं का ह्रास–ये सभी संकेत हैं कि सांस्कृतिक विविधता खतरे में है। जब कोई समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कट जाता है, तो उसकी पहचान और आत्मविश्वास दोनों कमजोर हो जाते हैं।

इसके साथ ही, एक और गंभीर पहलू उभर कर सामने आया है–सूचना और विचारों का नियंत्रण। डिजिटल युग में सूचना का प्रवाह जितना तेज हुआ है, उतना ही उसे नियंत्रित करने के प्रयास भी बढ़े हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एल्गोरिदम और डेटा एनालिटिक्स के माध्यम से जनमत को प्रभावित करना अब एक सामान्य रणनीति बन गई है। सत्य और असत्य के बीच की रेखा धुंधली हो गई है, और ह्लनैरेटिवह्व का निर्माण वास्तविकता से अधिक प्रभावी हो गया है। यह स्थिति लोकतंत्र और स्वतंत्र विचार के लिए एक गंभीर चुनौती है।

पर्यावरणीय संकट भी इस वैश्विक परिदृश्य का एक अभिन्न हिस्सा है। अनियंत्रित औद्योगिकीकरण और संसाधनों के अत्यधिक दोहन ने प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ दिया है। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जैव विविधता का ह्रास–ये सभी समस्याएँ अब केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मानव अस्तित्व के लिए सीधी चुनौती बन चुकी हैं। विडंबना यह है कि जिन नीतियों और विकास मॉडलों ने इस संकट को जन्म दिया, वही अभी भी समाधान के रूप में प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

इन सभी परिस्थितियों के बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या मानवता इस दिशा को बदलने के लिए तैयार है? क्या हम केवल समस्याओं को पहचानने तक सीमित रहेंगे, या उनके समाधान के लिए भी सामूहिक प्रयास करेंगे? इसके लिए आवश्यक है कि हम विकास की परिभाषा को पुनः परिभाषित करें। केवल आर्थिक वृद्धि को ही प्रगति का मापदंड मानना अब पर्याप्त नहीं है। सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन और मानवीय मूल्यों को भी समान महत्व देना होगा।

यह समय केवल आलोचना का नहीं, बल्कि पुनर्निर्माण का है। विश्व को एक ऐसे मार्ग की तलाश करनी होगी, जहाँ विज्ञान और तकनीक का उपयोग मानव कल्याण के लिए हो, न कि केवल लाभ और नियंत्रण के लिए। जहाँ राजनीति सेवा का माध्यम बने, न कि सत्ता का खेल। जहाँ अर्थव्यवस्था समावेशी हो, न कि शोषणकारी। और जहाँ संस्कृति जीवित और गतिशील हो, न कि केवल प्रदर्शन का साधन।

यदि यह संतुलन स्थापित नहीं किया गया, तो वर्तमान संकट और भी गहरा हो सकता है। परंतु यदि मानवता अपने अनुभवों से सीखने और स्वयं को बदलने का साहस दिखाती है, तो यही संकट एक नए और अधिक संतुलित विश्व की नींव भी बन सकता है। यही वह निर्णायक क्षण है, जहाँ से भविष्य की दिशा तय होगी–या तो हम अपने ही बनाए जाल में उलझते चले जाएंगे, या फिर उससे बाहर निकलकर एक नई राह का निर्माण करेंगे, जो वास्तव में मानवता के हित में हो।

## हँसीन नजारा



उदय किशोर साह

कविता

ये खुशगवांर मौसम ये हँसीन नाजारा
कितना मनोरम है नदी की ये किनारा
ये वन उपवन ये बागों की हरियाली
सज गई मंजरी से अमुवा की डाली डाली

सागर की तन बदन छुकर आई पुरवाई
साथ अपनी शीतलता लेकर है वो आई
तन मन को सुकून दे मन में ये। समाई
सितारों से भर गई नभ की वो जमाई

आसमां पे उड़ता वो जंगल का परवाज
सबसे उपर घूम रहा है निडर बन बाज
जैसे पहन ली जंगल का सोने की ताज
बादलों के बीच बन गया बाज सरताज

कलकल बहती ये नदियों का ये शोर
संगीत सुनाती है करना तुम भी गौर
नाच रही हैं वन में मोरनी संग चितचोर
प्यार की बाँध ली है जन्म जन्म की डोर

देखो री सजनी वो पावन है गंगा माई
अपने अन्दर असीम इतिहास छुपाई
पर हम मानव हैं कितना आतताई
पावन निर्मल जल में क्यूं नाला गिराई

# समुद्र की गहराइयों में भारत की शक्ति



**डॉ. सत्यवान सौरभ**
लेखक

आधुनिक युग में युद्ध की प्रकृति ने पारंपरिक सीमाओं को पूरी तरह पार कर लिया है। अब यह केवल टैंकों, विमानों या सैनिकों तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि एक बहुआयामी, जटिल और तकनीक-प्रधान प्रक्रिया बन चुका है, जिसमें ड्रोन, साइबर हमले, अंतरिक्ष-आधारित निगरानी प्रणालियाँ, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हाइपरसोनिक मिसाइलें एक साथ कार्य करती हैं।

इस परिवर्तित परिदृश्य में युद्ध किसी एक भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समुद्र, आकाश, भूमि और साइबर स्पेस के बीच निरंतर समन्वय के रूप में संचालित होता है। ऐसे वातावरण में भारत जैसी उभरती क्षेत्रीय एवं वैश्विक शक्ति के लिए अपनी सुरक्षा रणनीति को पुनर्परिभाषित करना अनिवार्य हो गया है।

विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का विकास अब विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता बन चुका है, क्योंकि यह न केवल भारत की रक्षा क्षमता को सुदृढ़ करता है, बल्कि उसकी वैश्विक सामरिक स्थिति को भी मजबूत बनाता है।

हिंद महासागर क्षेत्र की बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियाँ इस आवश्यकता को और स्पष्ट करती हैं। यह क्षेत्र केवल सामरिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग भी है।

विश्व के अधिकांश तेल परिवहन और व्यापारिक जहाज इसी मार्ग से गुजरते हैं, और भारत की ऊर्जा सुरक्षा भी काफी हद तक इसी पर निर्भर करती है। ऐसे में इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अस्थिरता या बाहरी हस्तक्षेप भारत की आर्थिक और रणनीतिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है।

चीन की बढ़ती समुद्री उपस्थिति, बंदरगाहों के विकास की उसकी नीति तथा क्षेत्र में उसकी सैन्य गतिविधियाँ भारत के लिए दीर्घकालिक चुनौती प्रस्तुत करती हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान की परमाणु क्षमताओं और उसकी नौसैनिक शक्ति में हो रही वृद्धि भी चिंता का विषय है।

इन परिस्थितियों में भारत के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह अपनी समुद्री सुरक्षा को केवल पारंपरिक साधनों तक सीमित न रखे, बल्कि उसे परमाणु प्रतिरोधक क्षमता से भी सशक्त बनाए।

समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी संभावित विरोधी को यह स्पष्ट संदेश मिले कि यदि वह परमाणु हमला करता है, तो उसे समान या उससे अधिक प्रभावी जवाब का सामना करना पड़ेगा।

यही सिद्धांत 'विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोध' की अवधारणा को जन्म देता है, जिसके तहत कोई भी देश अपनी सुरक्षा के लिए उतनी ही परमाणु क्षमता विकसित करता है जितनी संभावित खतरे को रोकने के लिए आवश्यक हो।

भारत की 'नो फर्स्ट यूज' नीति भी इसी सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि भारत पहले परमाणु हथियार का उपयोग नहीं करेगा, लेकिन यदि उस पर हमला होता है, तो वह पूरी क्षमता के साथ जवाब देगा।

इस नीति की विश्वसनीयता तभी संभव है जब भारत के पास ऐसी क्षमता हो जो प्रथम हमले के बाद भी सुरक्षित रहे और प्रभावी जवाब दे सके। यही वह स्थान है जहाँ समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता, विशेष रूप से परमाणु-संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियाँ, अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

पनडुब्बियाँ इस संदर्भ में सबसे प्रभावी माध्यम मानी जाती हैं, क्योंकि वे समुद्र की गहराइयों में लंबे समय तक गुप्त रूप से रह सकती हैं और उनका पता लगाना अत्यंत कठिन होता है।

यही उनकी 'सेकंड स्ट्राइक क्षमता' को सुदृढ़ बनाता है। अर्थात यदि देश के स्थलीय या हवाई ठिकाने नष्ट भी हो जाएँ, तो समुद्र में मौजूद पनडुब्बियाँ जवाबी हमला करने में सक्षम रहती हैं। यह क्षमता किसी भी विरोधी के लिए एक मजबूत निरोधक तत्व बन जाती है, क्योंकि उसे यह ज्ञात होता है कि वह पूर्णतः सुरक्षित नहीं है।

इस प्रकार, समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता केवल युद्ध की स्थिति में ही नहीं, बल्कि शांति बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

भारत ने इस दिशा में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। स्वदेशी तकनीक पर आधारित परमाणु-संचालित पनडुब्बियों का विकास इस बात का संकेत है कि भारत अब अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए बाहरी स्रोतों पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है।

इन पनडुब्बियों में लंबी दूरी तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों की क्षमता होती है, जो उन्हें रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है। इसके साथ ही, आधुनिक तकनीकों जैसे मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टागेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV) का उपयोग उन्हें और अधिक प्रभावी बनाता है, जिससे एक ही मिसाइल से अनेक लक्ष्यों को साधा जा सकता है। यह क्षमता न केवल सैन्य दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि विरोधी के लिए रणनीतिक चुनौती भी प्रस्तुत करती है।

हालाँकि, केवल पनडुब्बियों का निर्माण ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके संचालन, रखरखाव और सुरक्षा के लिए भी एक सुदृढ़ तंत्र की आवश्यकता होती है। परमाणु पनडुब्बियाँ अत्यंत जटिल तकनीकी प्रणालियों पर आधारित होती हैं और उनका संचालन उच्च स्तर की विशेषज्ञता तथा प्रशिक्षण की माँग करता है।

इसके अतिरिक्त, साइबर सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण पहलू बन चुकी है, क्योंकि आधुनिक युद्ध में साइबर हमले किसी भी सैन्य प्रणाली को निष्क्रिय कर सकते हैं। यदि पनडुब्बियों के संचार तंत्र या नियंत्रण प्रणाली को हैक कर लिया जाए, तो यह गंभीर खतरा बन सकता है। इसी प्रकार, अंतरिक्ष आधारित निगरानी प्रणालियाँ भी पनडुब्बियों की गोपनीयता को चुनौती दे सकती हैं, जिससे उनकी रणनीतिक उपयोगिता प्रभावित हो सकती है।

भविष्य की रणनीति में इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना आवश्यक होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम संचार और उन्नत सेंसर तकनीक का उपयोग पनडुब्बियों की क्षमताओं को और अधिक सुदृढ़ कर सकता है।

क्वांटम संचार विशेष रूप से सुरक्षित संचार का एक नया माध्यम प्रदान कर सकता है, जिससे दुश्मन द्वारा संचार को बाधित या अवरोधित करना लगभग असंभव हो जाएगा। साथ ही, उन्नत सेंसर और निगरानी प्रणालियाँ पनडुब्बियों को अधिक सटीक, प्रभावी और सुरक्षित बना सकती हैं।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, किंतु अंततः किसी भी देश की सुरक्षा उसकी अपनी क्षमताओं पर ही निर्भर करती है।

भारत विभिन्न वैश्विक मंचों पर सक्रिय है और समुद्री सुरक्षा के लिए सहयोग को प्रोत्साहित करता है, परंतु उसे अपनी स्वदेशी क्षमताओं को भी समान रूप से सुदृढ़ करना होगा।

इसके लिए अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाना, वैज्ञानिक संस्थानों को सशक्त बनाना तथा रक्षा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना आवश्यक है।

समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का विकास केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक संतुलित और जिम्मेदार रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शांति और स्थिरता बनाए रखना है।

एक मजबूत प्रतिरोधक क्षमता संभावित संघर्षों को रोकने में सहायक होती है और यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी देश आक्रामक कदम उठाने से पहले उसके परिणामों पर गंभीरता से विचार करे। इस प्रकार, यह क्षमता युद्ध को रोकने का एक प्रभावी माध्यम बन जाती है।

अंततः, यह कहा जा सकता है कि आधुनिक युग में भारत की समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का एक केंद्रीय तत्व बन चुकी है। यह न केवल भारत को बाहरी खतरों से सुरक्षित रखती है, बल्कि उसे वैश्विक मंच पर एक जिम्मेदार और सक्षम शक्ति के रूप में स्थापित भी करती है।

बदलती वैश्विक परिस्थितियों और उभरती चुनौतियों के बीच, भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह अपनी रणनीति को निरंतर अद्यतन करता रहे और नई तकनीकों तथा विचारों को अपनाकर अपनी सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाए। इस दिशा में उठाए गए कदम न केवल वर्तमान के लिए, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी एक सुरक्षित और स्थिर वातावरण सुनिश्चित करेंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मदरसा कोहना में नजूल की संपत्ति पर अवैध निर्माण

## युवा नेता अहमद सईद ने मुख्यमंत्री से की पूरे मामले की शिकायत

गुलजार आलम



**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** यूं तो प्रदेश की योगी सरकार वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जे को लेकर काफी संजीदा हैं और लगातार वक्फ संपत्तियों पर किये जा रहे अवैध कब्जों को लेकर बुल्डोजर कार्यवाही भी कर रहीं हैं लेकिन रामपुर में योगी सरकार के आदेशों को हवा में उड़ाया जा रहा हैं जो चिंता का विषय हैं। बताते चले कि रामपुर में नजूल की संपत्ति पर खुलेआम निर्माण कार्य चल रहा हैं जिसकी शिकायत के बाद भी आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। शहर के मौहल्ला मदरसा कोहना निवासी युवा नेता अहमद सईद ने पूरे मामले की शिकायत ईओ, डीएम, मंडलायुक्त व मुख्यमंत्री से कर चुके हैं लेकिन इसके बाद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। अहमद सईद ने बताया कि मदरसा कोहना में नजूल की करीब 2400 गज जमीन हैं जो नगर पालिका के रिकार्ड में मस्जिद व हुजरा के नाम में दर्ज हैं। उक्त जगह पर मौजूदा समय में आठ सौ गज जमीन बची हैं बाकी पर अवैध रूप से पहले ही कब्जा कर मकान बनाये जा चुके हैं। मौजूदा आठ सौ गज जमीन को भू माफिया शुभम सिंघल पुत्र राजीव सिंघल निवासी फ्रेंच कालोनी ने बेच दी हैं जिसपर लोग निर्माण करा रहे हैं। अहमद सईद ने जब पूरे मामले की शिकायत ईओ से लेकर मुख्यमंत्री तक की तो जिला प्रशासन अपनी कुंभकरणी नींद से जागा और फिलहाल अवैध निर्माण पर रोक लगा दी हैं।

अहमद सईद ने बताया कि उन्होने पहली शिकायत 3 फरवरी 25 को ईओ रामपुर से की थी। इसके बाद एक मार्च 25 को आईजीआरएस में शिकायत की। 13 मई 25 को मंडलायुक्त मुरादाबाद से की। 19 दिसंबर 25 को डीएम से शिकायत की। 11 मार्च 26 को फिर से पूरे मामले की शिकायत कमिश्नर मुरादाबाद से की। अहमद सईद का कहना हैं कि जिला प्रशासन द्वारा जांच में यह पाया गया कि उक्त जमीन नजूल में दर्ज हैं और नगर पालिका परिषद में 2400 गज जमीन नजूल, मस्जिद व हुजरे में दर्ज हैं। अहमद सईद का कहना हैं कि मौजूद समय में उक्त जमीन में सिर्फ 800 गज जमीन ही बची हैं बाकी पर अवैध कब्जा कर लोगों ने अपने मकान बना लिये हैं।

मौजूद वक्त में आठ सौ गज जमीन को शुभम सिंघल द्वारा लोगों को बेच दिया गया हैं और अब उस जमीन पर भी बाउंड्री कर निर्माण कराया जा रहा हैं फिलहाल नगर पालिका प्रशासन ने अवैध निर्माण पर तो रोक लगा दी हैं लेकिन अवैध निर्माण को ध्वस्त नहीं कराया जा रहा हैं जिससे पालिका की नीयत पर शक हो रहा हैं।

उन्होने जिला प्रशासन से मांग की हैं कि पूरे मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से कराकर उक्त जमीन को कब्जामुक्त कराया जाये और जमीन पर अवैध निर्माण को तुरन्त ध्वस्त कराया जाये नहीं तो एक बार फिर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मिलकर पूरे मामले की शिकायत करेंगे।

# सफाई व्यवस्था से नहीं किया जायेगा कोई भी समझौता: सना खानम

## चेयरपर्सन ने किया शहर के वार्डो का तूफानी निरीक्षण

गुलजार आलम



**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** रामपुर नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन सना खानम ने शहर के वार्डो का तूफानी निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को चाक चैबन्द रखने के लिए पालिका अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये।

पालिका चेयरपर्सन सना खानम ने शहर के मुख्य चैराहों, मौहल्लों व गलियों का तूफानी निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया और कहा कि सफाई व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखना पालिका प्रशासन की जिम्मेदारी हैं।

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका हैं ऐसे में संक्रामक बीमारियां फैलने की पूरी आंशका बनी रहती हैं जिसके लिए सफाई व्यवस्था बेहतर बनाये रखना जरूरी हैं।

उन्होने कहा कि वार्डो, शहर के मुख्य चैराहों, बाजारों व गलियों में सफाई कर्मचारी रोस्टर के अनुसार सफाई करते रहे यदि कहीं से कोई शिकायत आई तो कार्यवाही तय हैं। उन्होने पथ प्रकाश व्यवस्था व स्वच्छ पानी की व्यवस्था बेहतर बनाने के पालिका कर्मचारियों को निर्देश दिये।

पालिका चेयरपर्सन सना खानम लगातार शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर वार्डो का निरीक्षण कर रहीं हैं और जहां कोई कमी नजर आती हैं तो उसे तुरन्त दूर करने के निर्देश देती हैं ताकि शहरवासियों को बेहतर सुविधाए मिल सकें।

उन्होने शहर की अवाम से अपील करते हुए कहा कि शहर आपका हैं इसलिए अपने आसपास गंदगी न होने दें पालिका द्वारा रखे गये डस्टबिनों में ही कूड़ा डाले ताकि बीमारियों से बचा जा सकें।

# लक्ष्मण शर्मा बने विश्व ब्राह्मण संघ के जिला उपाध्यक्ष, समारोह में हुआ सम्मान



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** विश्व ब्राह्मण संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष पं० गोपाल शर्मा द्वारा संगठन विस्तार के तहत हापुड़ निवासी लक्ष्मण शर्मा को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर उनके आवास, गांधी विहार आवास विकास, हापुड़ में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में भगवान परशुराम जी का विधि-विधान से पूजन किया गया। रोंली, अक्षत, फल-फूल अर्पित कर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ मंत्रोच्चारण किया गया। इसके पश्चात प्रदेश उपाध्यक्ष पं० गोपाल शर्मा ने लक्ष्मण शर्मा को संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य करने की अपेक्षा के साथ जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति की घोषणा की। जिलाध्यक्ष हापुड़ पं० आशीष शर्मा सहित उपस्थित ब्राह्मण समाज के लोगों ने लक्ष्मण शर्मा को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला कानूनी सलाहकार अशोक शर्मा एडवोकेट, नरेश शर्मा, हरिश शर्मा, भीमसेन शर्मा, महावीर शर्मा, अमरनाथ शर्मा, सचिन गोयल, आदेश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राम बालाजी सेवा समिति जहूरगंज में भव्य बालाजी शोभा यात्रा का किया गया आयोजन

## शोभा यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब: 28 अप्रैल को होगा भव्य बाला जी महाराज का जागरण

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जनपद पीलीभीत की तहसील पूरनपुर की ग्राम पंचायत दुर्जनपुर कला के जहूरगंज में बालाजी सेवा समिति के कार्यकताओं द्वारा आगामी 28 अप्रैल को भाव जागरण का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत समिति के श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा मेहंदीपुर धाम राजस्थान के लिए ज्योति लाने के लिए भक्ति गए हुए थे जिनका आगमन 25 अप्रैल को हुआ ज्योति दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी यह शोभा यात्रा गढ़वा खेड़ा से लेकर कुरैया मनिहारिया सोंधा नजीरगंज होते हुए जहूरगंज स्थित प्राचीन राम मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई जिसमें सुंदर-सुंदर झांकियों की भी झलकियां देखने को मिली क्या बच्चे क्या बुजुर्ग क्या महिलाएं क्या जवान सभी में अनोखा उत्साह देखने को नजर आया आपको बताते चलें पुलिस प्रशासन का भी इस शोभा यात्रा में विशेष योगदान रहा इस समिति में विशेष करके युवाओं का योगदान है।

सेवा समिति के अध्यक्ष अजय वर्मा ने सारी व्यवस्था को सुचारू ढंग से देखते हुए कार्यक्रम को सुंदर रूप प्रदान किया वहीं मुख्य पुजारी शिवा अर्कवंशी ने अपना पूरा सहयोग प्रदान किया पत्रकार संगठन ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष रामनिवास कश्यप पूरे कार्यक्रम में मौजूद रहे वहीं कार्यक्रम की शुरूआत में भारतीय जनता पार्टी मंडल सुल्तानपुर के मंडल अध्यक्ष मनोज वर्मा ने भी पहुंचकर ज्योति दर्शन किए पूरे क्षेत्र में यह कार्यक्रम विशेष चर्चा का विषय बना रहा तथा लगातार क्षेत्रीय जनता से आगामी जागरण के लिए निवेदन किया गया।

# भारतीय जनता पार्टी द्वारा बरहा मंडल में मातृशक्ति के द्वारा विपक्षी दलों के खिलाफ जन आक्रोश मार्च निकाला गया



लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** यह मार्च ईदगाह कॉलोनी से नौगवाँ पकड़िया तक निकाला गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत के बरहा मंडल की प्रभारी श्रीमती ऋचा सिंह पटेल के नेतृत्व में निकाला गया ऋचा सिंह पटेल ने संबोधित करते हुए कहा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान केवल भाजपा जैसा सभ्य संस्कारिक राजनीतिक दल ही कर सकता है इसलिए हम सभी महिलाओं को अब घरों से निकलकर भाजपा के पक्ष में समय देना होगा बरहा मंडल के इस मार्च में बरहा मंडल की अध्यक्ष अनीता कश्यप,महामंत्री ऋषि मुनि त्यागी,रविन्द्र वर्मा, आकाश मौर्य,ज्ञानशंकर,वंदना,रामा,जानकी, सौम्या सहित मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

# गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू की मासिक पंचायत, जांच के लिए टीम गठित

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक पंचायत जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में आयोजित की गई। पंचायत में जनपद के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।पंचायत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर जहां किसानों का गेहूं खरीदा जा रहा है, वहां आ रही समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर कराया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में जिम्मेदारियां तय करते हुए जांच टीमें गठित की गईं। गढ़ क्षेत्र में जितेंद्र नागर और जोगिंदर मावी, हापुड़ में मोनू त्यागी और जतन नागर, सिंभावली में पवन फौजी तथा धौलाना क्षेत्र में विकास तोमर को सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों की चेकिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंचायत में जितेंद्र नागर, कटार सिंह, मोनू त्यागी, जोगिंदर मावी, राधेलाल त्यागी, पवन फौजी, अतुल त्यागी, विजेंद्र अधाना, ओपी भाटी, कृष्णपाल, अरुण भाटी, मुनेंद्र त्यागी, मनोज, बंटी नागर, अशोक राणा, रूपराम, जतन नागर, कुलदीप, अनिल अधाना, परमाल नागर, मनोज लोहिया सहित अनेक किसान मौजूद रहे।संगठन ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आगे आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

# मेधावी छात्रा ज़िक्रा ने किया विद्यालय का नाम रोशन, 85.34% अंक प्राप्त कर बढ़ाया मान

मोहम्मद असलम

**लखीमपुर खीरी(वेलकम इंडिया)।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में कैसर पहलवान मेमोरियल इंटर कॉलेज, खीरी टाउन की मेधावी छात्रा ज़िक्रा ने 85.34 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंग्रेजी विषय में 100 में 93 अंक हासिल कर उन्होंने विशेष उपलब्धि दर्ज की है। छात्रा की सफलता पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

ज़िक्रा की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने मिठाई खिलाकर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। छात्रा के पिता जाकिर अली व माता खूबी नाज ने बेटी की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है।

विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि ज़िक्रा शुरू से ही मेहनती, अनुशासित और प्रतिभाशाली छात्रा रही हैं। उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। ज़िक्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय को देते हुए कहा कि नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल हुआ है। ज़िक्रा ने कहा कि यह सफलता उनके लिए शुरूआत है और आगे उच्च शिक्षा प्राप्त कर परिवार व देश का नाम रोशन करना उनका सपना है। उनकी उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आधा अधूरा फैसला नामंजूर, पीलीभीत में स्मार्ट लूट पर पूर्ण विराम और पुराने मीटर उखाड़ने की उठी मांग

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जनपद में बिजली विभाग की तानाशाही और स्मार्ट डकैती ने उपभोक्ताओं का जीना मुहाल कर दिया है। शासन द्वारा नए मीटरों पर रोक लगाने का शिगूफा पीलीभीत की जनता के साथ किसी भद्दे मजाक से कम नहीं है।

जब जिले के अधिकांश मोहल्लों और ग्रामीण इलाकों में ये 'लुटेरे' मीटर पहले ही पैर पसार चुके हैं, तो अब इस रोक का ढोंग क्यों रचा जा रहा है?

### दीवारों पर टंगे हैं 'सफेद हाथी', विभाग खामोश

पीलीभीत की जनता पूछ रही है कि उन पुराने मीटरों का क्या होगा जो पहले ही घरों की दीवारों पर चिपककर सरेआम जेब काट रहे हैं?

इन मीटरों की रफ्तार देखकर आम आदमी के पसीने छूट रहे हैं, लेकिन अधिकारी एसी कमरों में बैठकर तमाशा देख रहे हैं। क्या विभाग को लगता है कि पीलीभीत के लोग इतने नासमझ हैं कि वे इस दिखावे और असल लूट के बीच का अंतर नहीं पहचान पाएंगे?

### हमें आधा-अधूरा इंसाफ नहीं, पुराने मीटरों से मुक्ति चाहिए

मुख्यमंत्री जी, पीलीभीत को इस कागजी कार्यवाही की जरूरत नहीं है। जिले का हर उपभोक्ता इन 'जेबकतरों' से त्रस्त है।

नए मीटरों पर रोक लगाना तो सिर्फ मरहम लगाने जैसा है, जबकि घाव बहुत गहरा हो चुका है। हमें आधा-अधूरा फैसला नहीं चाहिए; आदेश दीजिए कि जो विवादित मीटर लग चुके हैं, उन्हें उखाड़कर कूड़ेदान में फेंका जाए।

### पीलीभीत की मांग: भ्रष्ट व्यवस्था पर चले 'न्याय का बुलडोजर'

जब तक पुराने स्मार्ट मीटर घरों से नहीं हटेंगे, तब तक इसे जनता के साथ छलावा ही माना जाएगा। पीलीभीत की पीड़ित जनता मांग करती है कि ऊर्जा विभाग के इस 'स्मार्ट' भ्रष्टाचार पर तत्काल 'न्याय का बुलडोजर' चलाया जाए। सरकार को चाहिए कि वह जनता को गुमराह करना बंद करे और इन डकैत मशीनों से पूरी तरह छुटकारा दिलाकर राहत दे।

# ओरण-गोचर हमारी अनमोल धरोहर, संरक्षण बेहद जरूरी: बोहरा

## धर्मपुरीजी की ओरण में ओरण दिवस कार्यक्रम हुआ आयोजित, आन्दोलन की स्मृतियां हुई ताजा

वेलकम इंडिया ब्यूरो





**बाड़मेर।** असंख्य जीवों की शरण-स्थली एवं जैव विविधता के विविध रंगों से सराबोर ओरण-गोचर के संरक्षण को लेकर मरूधर के महान सन्त, महन्त मोहनपुरीजी महाराज के सानिध्य में रानगींव में वर्ष 2002 में हुए ऐतिहासिक आन्दोलन की चिर स्मृति में प्रति वर्ष 26 अप्रैल को ओरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिस कड़ी में रविवार को जिला मुख्यालय से लगभग 20 कि.मी. दूर स्थित राणीगांव फांटा स्थित धर्मपुरीजी महाराज की ओरण व गोचर भूमि में ओरण बचाओ आन्दोलन के संयोजक मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में ओरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां पर्यावरण संरक्षण व जीव दया को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित हुए। ओरण आन्दोलन से जुड़े गेनाराम गर्ग ने बताया कि ओरण दिवस के उपलक्ष में रविवार को राणीगांव फांटा स्थित धर्मपुरीजी महाराज की आरेण में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें सर्वप्रथम धर्मपुरीजी महाराज के धूणे पर ओरण की पूजा-अर्चना की गई और वैश्विक पर्यावरण संरक्षण की कामना की गई। तत्पश्चात ओरण के वृक्षों जाळ, खेजली, रोहिड़ा आदि को रक्षा सूत्र बांधे गए। गर्ग ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में ओरण-गोचर परिसर में पौधारोपण कर वृक्षों पर मिट्टी के परिण्डे व पक्षी घर बांधे गए। साथ ही परिसर में अलग-अलग किस्म के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। वहीं कार्यक्रम में ओरण-गोचर बचाओ आन्दोलन की स्मृतियां हो आई। ओरण बचाओ आन्दोलन, बाड़मेर के जिला संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान में ओरण-गोचर का क्षेत्रफल बड़ी तादाद में है। जो यहां के परिस्थितिकी तंत्र को सन्तुलित करने के साथ-साथ जैव विविधता में असंख्य छोटे-बड़े जीवों की शरण-स्थली तथा स्थानीय लोगों के लिए आर्थिक क्रियाकलापों का भी आधार रही है। वहीं ओरण-गोचर के प्रति स्थानीय मान्यता अनुसार श्रद्धा व आस्था का भाव रहा है। ऐसे में इन क्षेत्रों का धार्मिक महत्व भी है। अमन ने कहा कि ओरण-गोचर सदियों से हमारी श्रद्धा व आस्था का केन्द्र के साथ-साथ अनमोल धरोहर रही है, जिसका संरक्षण बेहद जरूरी है। इस हेतु सरकार व प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय समुदाय को भी आगे आना होगा। धर्मपुरीजी की ओरण के सेवादार छुगसिंह ने बताया कि आज से ठीक 24 वर्ष पूर्व राणीगांव में चौहटन रोड़ फांटा पर विस्तृत भू भाग में फैली धर्मपूरी जी महाराज की ओरण को पूज्य संत मोहनपुरीजी महाराज के सानिध्य में भूमाफियों एवं स्वार्थी तत्वों के चुंगल से बड़ी जदोजहद के बाद मुक्त करवाई गई थी। जिसकी स्मृति में प्रतिवर्ष 26 अप्रैल को जिले भर में ओरण-गोचर संरक्षण एवं संवर्द्धन को लेकर ओरण दिवस का आयोजन किया जाता है। ओरण दिवस कार्यक्रम के दौरान संयोजक मुकेश अमन, सेवादार छुगसिंह, गेनाराम गर्ग, गेमरराराम, दौलतराम, मोहन सिंह, भेराराम सहित ओरण-प्रेमी उपस्थित रहे।

# समता सैनिक दल हापुड़ की 'त्रिभुज पूर्णिमा मैत्री रथ यात्रा' 1 मई को, तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** अखिल भारतीय समता सैनिक दल, हापुड़ द्वारा विगत 41 वर्षों से प्रतिवर्ष भव्य रूप से आयोजित किए जाने वाले बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव के क्रम में इस वर्ष भी 'त्रिभुज पूर्णिमा मैत्री रथ यात्रा' का आयोजन 1 मई 2026 (शुक्रवार) को धूमधाम से किया जाएगा।इसी संबंध में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अंतिम रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने सर्वसम्मति से योजना को पारित करते हुए कहा कि सभी लोग मिलजुलकर तन, मन और धन से इस रथ यात्रा को सफल बनाने में सहयोग करेंगे।बैठक का आयोजन अशोक कुमार गौतम के निवास, मोहल्ला अस्कारपुरा में किया गया। इसमें मुख्य रूप से श्रीमती संतोष सिंह, कुसुम लता, मधु, लीलावती, राधा, टीना कुमारी, प्रतिभा कुमारी, अंशिका, प्रमोद मंगलौरिया, सतीश चंद्र, अजय, जयंत, अमरजीत, मनीष सम्राट, पदम सिंह, वरुण, विनय भार्गव, सिद्धार्थ बौद्ध, सतीश कुमार तुकी, मास्टर सुंदर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# कुशीनगर में 'वतन की खातिर' का भव्य मुहूर्त, क्षेत्रीय कलाकारों को मिल रहा नया मंच

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**कुशीनगर।** धन दयाल पाण्डेय जनपद में फिल्म निर्माण को नई पहचान दिलाने की दिशा में एक और अहम पहल हुई है। कादिर शेख प्रोडक्शन एवं ADRS एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने जा रही देशभक्ति पर आधारित फिल्म 'वतन की खातिर' का रविवार को कुशीनगर के विशंभरपुर में भव्य मुहूर्त समारोह उत्साह और गरिमा के बीच संपन्न हुआ।

फिल्म की कहानी देश की सुरक्षा और खुफिया तंत्र पर आधारित है, जिसमें मुख्य किरदार रुद्र प्रताप सिंह देश विरोधी ताकतों के खिलाफ मजबूती से खड़ा होकर जवाब देता नजर आएगा। फिल्म में एक्शन, थ्रिल और देशभक्ति का प्रभावशाली संगम देखने को मिलेगा।

फिल्म के निमार्ता प्रवीण कुमार और कादिर हुसैन हैं, जबकि निर्देशन की कमान नाहिद जमाल संभाल रहे हैं। छायांकन (DOP) का कार्य सुनील आहेर द्वारा किया जाएगा।

फिल्म में कादिर शेख, राज द्विवेदी, पारुल यादव, रिंकू भारती, मंटू लाल, फारूक अंसारी, कलामुद्दीन अंसारी, मनोज द्विवेदी और संतोष सिंह भारत प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

प्रोडक्शन मैनेजर के रूप में मुमताज आलम एवं शकील अहमद जिम्मेदारी निभा रहे हैं। वहीं फिल्म निर्माण में महमूद आलम का विशेष सहयोग प्राप्त है, जो लंबे समय से कुशीनगर में फिल्म इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

गौरतलब है कि महमूद आलम ने इससे पहले फिल्म 'बलमा बड़ा नादान 2' की शूटिंग अपने गांव अहिरौलीदान में कराई थी, जिसमें भोजपुरी सिनेमा के स्टार निरहुआ (दिनेश लाल यादव) मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

उस फिल्म की सफलता के बाद अब वे कुशीनगर जिले के अलग-अलग हिस्सों में फिल्मों की शूटिंग कराकर क्षेत्रीय प्रतिभाओं को नया मंच प्रदान कर रहे हैं।

महमूद आलम हमेशा से स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ाने के पक्षधर रहे हैं। उनके प्रयासों से जिले के कई कलाकारों को फिल्म इंडस्ट्री में काम करने का अवसर मिल रहा है, जिससे न केवल प्रतिभा को पहचान मिल रही है, बल्कि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

फिल्म 'वतन की खातिर' की शूटिंग कुशीनगर में लगभग 15 दिनों तक चलेगी। फिल्म का म्यूजिक पार्टनर 'सुगना म्यूजिक' रहेगा, जहां इसके गीत और फिल्म दर्शकों के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

मुहूर्त समारोह के दौरान फिल्म से जुड़े कलाकारों और टीम के सदस्यों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र में इस फिल्म को लेकर लोगों में खासा उत्सुकता है और उम्मीद जताई जा रही है कि यह फिल्म कुशीनगर को फिल्म निर्माण के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगी।

# आभा फाउंडेशन द्वारा आयोजित नेत्र शिविर में चश्मों का वितरण, लोगों में खुशी की लहर



**नितिन शर्मा**

**धामपुर(वेलकम इंडिया)।** आभा फाउंडेशन द्वारा 19 अप्रैल को आयोजित किए गए नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 1380 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई और शिविर का लाभ उठाया। जांच के दौरान 705 लोगों को चश्मे की आवश्यकता पाई गई, जिनके लिए 26 अप्रैल को चश्मा वितरण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी लाभार्थियों को चश्मे वितरित किए गए। चश्मा प्राप्त कर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ देखी गई। लाभार्थियों ने चश्मों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए आभा फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। पूरे क्षेत्र में इस सेवा कार्य को लेकर खुशी का माहौल बना रहा। इस अवसर पर आभा फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के उन लोगों की मदद करना है जो आंखों की समस्याओं से जूझ रहे हैं और उचित उपचार से वंचित हैं।

# शिक्षा मित्रों की उनके घर से जनगणना में 20 से 25 किमी दूर लगा दी गई ड्यूटियां

## शिक्षा मित्रों ने कहा करेंगे कार्य बहिष्कार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा।** जनपद में जनगणना के तहत मकान सूचीकरण का कार्य 22 मई से 20 जून के बीच होना है जिसमें प्रगणकों के रूप में कार्य करने के लिए शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों को लगाया गया है जिनका प्रशिक्षण सभी तहसीलों एवं नगर निगम मथुरा के विभिन स्थलों पर चल रहा है ।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष खेमसिंह चौधरी के नेतृव में जिला अधिकारी मथुरा, नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा और जनपद के सभी उपजिलाधिकारियों को नाम दिए गए ज्ञापन में शिक्षा मित्रों की समस्याओं को उठाते हुए मांग की है कि शिक्षा मित्र जिस ग्राम पंचायत अथवा वार्ड में कार्यरत है जनगणना प्रगणक के रूप में उनकी ड्यूटी उनकी ही ग्राम पंचायत या वार्ड में लगाई जाए , और जो शिक्षा मित्र विकलांग है अथवा गम्भीर बीमारी से पीड़ित है उनको जनगणना के कार्य से अलग रखा जाए। जिला अध्यक्ष ने आगे बताया कि विकास खण्ड मथुरा देहात क्षेत्र से दर्जनों महिला पुरूष शिक्षा मित्रों की ड्यूटी उनके विद्यालय घर से 20 से 25 किमी दूर नगर निगम मथुरा शहरी क्षेत्र में और गोवर्धन देहात क्षेत्र से नगर पंचायत गोवर्धन में लगा दी गई है । अन्य जगह भी ऐसी ही जानकारी उन्हें प्राप्त हो रही है कि उन्हें उनके घर से दूर लगाया जा रहा है इस सम्बन्ध मे उनका कहना है कि एक तो वैसे ही शिक्षा मित्रों को जून महीने में मानदेय नही मिलता है और इस भीषण गर्मी में अपने घरों से इतना दूर घर घर जाकर जनगणना का कार्य करना उनके लिए सम्भव नही है इसलिए जनगणना के कार्य के लिए उनकी ड्यूटी उनकी ही ग्राम पंचायत अथवा वार्ड में लगाई जाए और अगर ऐसा नही होता है तो मजबूरन शिक्षा मित्र जनगणना के कार्य का बहिष्कार करेंगे ।

ज्ञापन देने वालों में ठाकुर योगेन्द्र सिंह , तेजवीर सिंह , प्र'ाद सिंह , भगवान सिंह , सुनील चौहान , शिवकुमार , मान सिंह , सुमनलता शर्मा , आशा शर्मा , ओमवती शर्मा , कुसमा , सुनीता शर्मा , पिंकी , ममता शर्मा रीना , राखी कुमारी , देवी सिंह, मनसुखलाल , सरोज देवी आदि शिक्षा मित्र रहे।

# आगरा में स्कूल के अंदर छात्र के दनादन मुक्के मारकर तोड़ दिए चार दांत जबड़े में भी आई चोट



**मयूर खान**

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा के शास्त्रीपुरम स्थित डीपीएस में हाईस्कूल के दो छात्रों के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई. एक छात्र ने दूसरे छात्र के मुंह पर दनादन मुक्के मारे जिससे दूसरे छात्र के चार दांत टूट गए और उसका जबड़ा भी बुरी तरह से चोटिल हो गया. परिजनों के पहुंचने पर छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है. थाना पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की है। घायल छात्र के पिता पीयूष शाह मार्केट में मोबाइल शॉप चलाते हैं और यूट्यूबर हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को उनका बेटा स्कूल गया था. आधा घंटे बाद स्कूल से फोन आता है कि आपके बेटे को चोट लग गई है और उसे स्कूल से आकर ले जाएं। जब वो स्कूल पहुंचे तो देखा कि बेटे के मुंह से खून निकल रहा है और उसके मुंह में रूई थी। स्कूल की आया उसे पकड़ी हुई थी।

पिता ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है और कहा कि उसके बच्चे को फर्स्ट एड तक नहीं दी गई। पिता ने इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया है। बच्चे का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पिता ने पुलिस को शिकायत की है. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अडींग गांव में 4 दिन से गहराया पेयजल संकट, 2 किमी दूर से पानी ला रहे ग्रामीण: सचिव पर अनदेखी के आरोप

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा।** गोवर्धन विकास खंड के अंतर्गत आने वाले अडींग गांव में पिछले चार दिनों से पेयजल संकट गहराया हुआ है। गांव की मुख्य पानी सप्लाई मोटर खराब होने के कारण पूरी तरह बंद पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे तक करीब 2 किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या की जानकारी कई बार ग्राम पंचायत को दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। हालात बिगड़ते देख गांव के लोगों ने खुद ही खराब मोटर को ठीक करने का बीड़ा उठाया। जब मोटर को खोलकर देखा गया, तो उसमें तकनीकी खराबी सामने आई, जिसके लिए प्रशासनिक सहयोग की आवश्यकता थी।

स्थानीय निवासी देवेंद्र सिंह ने इस संबंध में पंचायत सचिव यतिन शर्मा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की। आरोप है कि सचिव ने मोटर को मथुरा भेजने की बात कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। इसके बाद से उनका फोन लगातार बंद आ रहा है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि पंचायत सचिव गांव में उपस्थित नहीं रहते और बाहर रहकर ही पंचायत का कार्य संचालन कर रहे हैं, जिससे स्थानीय समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हो पा रहा है। इस मामले को लेकर जब दैनिक भास्कर की टीम ने सचिव यतिन शर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया, तो उनका फोन बंद मिला, जिससे उनका पक्ष नहीं मिल सका। गांव के केदार, देवेंद्र, मुकेश, सतीश, भगवान सिंह सहित कई अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर पेयजल आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# गोवर्धन में गोमाता के सम्मान में आगामी 27 अप्रैल के कार्यक्रम को लेकर गिर्राज जी परिक्रमा करते गौसेवक



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/गोवर्धन।** भारत की संस्कृति में गोमाता सदियों से श्रद्धा और आस्था का केंद्र रही है। इसी भावना को सशक्त स्वर देने के लिए 27 अप्रैल को गोवर्धन तहसील से शुरूआत कर देशभर की 5430 तहसीलों में गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने तथा केंद्र में गो मंत्रालय स्थापित करने की मांग को लेकर ऐतिहासिक अभियान चलाया जाएगा। उसी क्रम में आज सभी गौसेवक गिर्राज परिक्रमा करने पहुंचे। गौ सेवक हिमानी चतुवेर्दी, भरत गौतम, तिवारी बाबा धीरज कौशिक, श्रेयस गुजराती आदि ने परिक्रमा मार्ग में सभी कस्बावासियों से 26 अप्रेल के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। इस राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान की शुरूआत गोवर्धन परिक्रमा मार्ग से की गई, जहां श्रद्धालुओं को इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम की जानकारी दी गई। अभियान के तहत 27 अप्रैल को राधाकुंड तहसील में बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। आयोजकों का कहना है कि गोवंश केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला भी है। गोसंरक्षण, सम्मान और सुरक्षा को लेकर यह अभियान देशभर में एक नई चेतना जगाने का कार्य करेगा। जनसामान्य से अपील की गई है कि 27 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में राधाकुंड पहुंचकर इस ऐतिहासिक संकल्प में भागीदारी निभाएं और गोमाता के सम्मान में अपनी आवाज बुलंद करें।

# हेल्प आगरा संस्था द्वारा पुनः 100 टीबी मरीजों को पोषण पोटली देकर सहायता प्रदान की गई

**मयूर खान**




**आगरा(वेलकम इंडिया)।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के अवसर पर जिला अधिकारी महोदय मनीष बंसल की अध्यक्षता में जनपद में हेल्प आगरा संस्था ने एक बेहतरीन मिसाल कायम की है, लगातार दूसरे महीने भी, संस्था ने 100 टीबी मरीजों को पोषण पोटली देकर उनकी जीवन यात्रा में आशा की किरण जगाई है।

पिछले महीने, 24 मार्च 2026 को, विश्व क्षय रोग दिवस पर भी 100 मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई थी, और उसके ठीक एक महीने बाद आज फिर से उन सभी मरीजों को सहायता मिली है। इस अद्भुत निरंतरता और समर्पण ने न सिर्फ मरीजों का हौसला बढ़ाया है, बल्कि संस्था के समर्पण और मानवता के प्रति उनके वचनबद्धता का नया अध्याय लिखा है।

हम सब मिलकर आपके इस प्रयास पर गर्व करते हैं और आपके मनोबल की सराहना करते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी मरीजों को उपचार के साथ-साथ उचित पोषण उपलब्ध कराकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहायता करना है।

जिला अधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदया प्रतिभा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से उपचार योग्य बीमारी है, और इसके खिलाफ जनजागरूकता तथा सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं।

संस्था हेल्प आगरा के प्रतिनिधियों नरेश जैन ने बताया कि वे समाज के कमजोर वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाओं और पोषण सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

इस पहल के तहत गोद लिए गए मरीजों को नियमित रूप से पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इसी क्रम में आज पुनः दूसरे महीने में टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया है।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि संस्था हेल्प आगरा निरंतर टीबी मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध करा रही है, डॉ सुखेश गुप्ता जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जनपद की अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी इस पुण्य कार्य में सहयोग करना चाहिए, इस अवसर पर डॉ शशिकांत राहुल उप जिला क्षय रोग अधिकारी आगरा एवं स्वास्थ्य विभाग से समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए समाज के अन्य संगठनों से भी आगे आकर टीबी उन्मूलन में सहयोग करने की अपील की।

# महात्मा गांधी ग्लोबल पीस अवॉर्ड से सम्मानित, हुए शिक्षक डॉ.राजीव डोगरा तथा उनकी छात्राएं मन्नत रंधावा और आरुषि



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**कांगड़ा।** भारत द्वारा पंजीकृत संस्था महात्मा गांधी ग्लोबल पीस फाउंडेशन ने साहित्य के माध्यम से विश्व स्तर पर शांति, मानवता, आत्मनिर्भरता और गांधीवादी दर्शन को बढ़ावा देने के लिए उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण के लिए राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां के शिक्षक डॉ.राजीव डोगरा तथा उनकी छात्राएं मन्नत रंधावा और आरुषि को महात्मा गांधी ग्लोबल पीस अवॉर्ड देकर सम्मानित किया।

यह सम्मान उनको वर्चुअल माध्यम से संस्था के कार्यकारी निदेशक डॉ. हृषिकेश आचार्य तथा वैश्विक निदेशक(यूएसए) डॉ. माइक लिटमैन ने प्रदान किया। राजीव ने संस्था के कार्यकारी निदेशक तथा वैश्विक निदेशक(यूएसए) का धन्यवाद किया।

छात्राओं और छात्राओं के माता पिता जगदीश सिंह,कमलेश कुमारी,मुकेश कुमार और सुनीता देवी ने राजीव डोगरा का धन्यवाद किया जिनके कर्मठ प्रयासों के द्वारा ही बच्चों को यह उपलब्धि प्राप्त हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार शर्मा ने डॉ राजीव डोगरा तथा दोनों छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी और ऐसे ही विद्यालय का नाम ऊंचा करने के लिए उत्साहित किया।

# ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ब्रिटिश संसद में गूंजा धामपुर का नाम

## डॉ शिवांशु सक्सेना व डॉ सुनीता यादव सम्मानित

**नितिन शर्मा**



**धामपुर(वेलकम इंडिया)।** 10 अप्रैल से लेकर 13 अप्रैल तक लंदन में आयोजित वर्ल्ड होम्योपैथी समिट -4 में भारत के होम्योपैथिक चिकित्सकों ने सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का गौरव बढ़ाया। इस प्रतिष्ठित समिट का आयोजन बर्नेट होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ब्रिटिश पार्लियामेंट के हाउस ऑफ लॉर्ड्स एवं ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय जैसे विश्वप्रसिद्ध संस्थानों में किया गया।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विश्वभर से आए विशेषज्ञों, शोधकताओं एवं चिकित्सकों ने भाग लेकर होम्योपैथी के वैज्ञानिक आधार, आधुनिक उपयोगिता तथा भविष्य की संभावनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया। धामपुर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. शिवांशु सक्सेना एवं उनकी पत्नी डॉ. सुनीता यादव, जो पूजा होमियो क्लिनिक, सुभाष चौक के निकट अपनी सेवाएं दे रहे हैं, को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में आयोजित विशेष वैज्ञानिक सत्र में पुरुष एवं स्त्री निःसंतानता विषय पर अपने शोध कार्य को प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। डॉ. शिवांशु एवं डॉ. सुनीता द्वारा प्रस्तुत शोध को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों तथा उपस्थित चिकित्सकों ने सराहा, जिससे भारतीय होम्योपैथी की विश्व स्तर पर बढ़ती स्वीकार्यता का स्पष्ट संकेत मिला। समिट के दौरान विभिन्न वैज्ञानिक सत्र, केस स्टडी प्रस्तुतियां एवं संवादात्मक चचाएं आयोजित की गईं, जिनमें नई उपचार पद्धतियों एवं शोध निष्कर्षों को साझा किया गया। इस अवसर पर डॉ. सक्सेना ने इसे अपने करियर का ''एक अविस्मरणीय क्षण'' बताते हुए कहा कि ऐसे वैश्विक मंच न केवल ज्ञानवर्धन का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि भारतीय चिकित्सा पद्धति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह समिट होम्योपैथी के वैश्विक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है तथा इससे आने वाले समय में इस चिकित्सा पद्धति को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# एसएन मेडिकल कॉलेज में डीएम का औचक निरीक्षण, इमरजेंसी सेवाओं और निर्माण कार्यों पर सख्ती

**मयूर खान**



**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को एसएन मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड से लेकर निमार्णाधीन फेज-1 प्रोजेक्ट तक की जमीनी हकीकत परखी और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम सबसे पहले इमरजेंसी वार्ड पहुंचे, जहां मरीजों को मिल रही सुविधाओं, साफ-सफाई और उपचार व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों और स्टाफ से बातचीत कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसी भी मरीज को इलाज में देरी या असुविधा न हो।

इसके बाद उनका फोकस मेडिकल कॉलेज में चल रहे निमार्णाधीन फेज-1 प्रोजेक्ट पर रहा। मौके पर पहुंचकर उन्होंने कार्य की प्रगति देखी और कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की गति तेज की जाए।

डीएम मनीष बंसल ने स्पष्ट कहा कि काम 'युद्ध स्तर' पर पूरा किया जाए। इसके लिए लेबर की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए, साथ ही गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता न करने की सख्त हिदायत भी दी गई। उन्होंने तय समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौजूदा व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया, लेकिन सुधार की गुंजाइश बनाए रखने की बात भी कही। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी स्तर पर जरूरत पड़ने पर जिला प्रशासन पूरा सहयोग देगा। यह औचक निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है, जिससे अस्पताल प्रशासन में भी सक्रियता बढ़ने की उम्मीद है।

# माखन दास धाम पर संत शिवराम दास बने नए महंतः संत समाज की सर्वसम्मति से चयन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**धौलपुर राजस्थान।** माखन दास धाम, मनीराम का पुरा में माखन दास जी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि (बरसी) के अवसर पर महंत पद के चयन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ संत रमन बिहारी दास ने की, जिसमें चंबल क्षेत्र के संत-महंत, शिष्य, भक्तगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में महंत पद हेतु योग्य संत के चयन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से संत शिवराम दास के नाम पर सहमति बनी, जिसके बाद उपस्थित संत समाज एवं जनसमुदाय ने एक स्वर में उनके नाम की घोषणा की।

चयन प्रक्रिया के उपरांत 108 बालक दास महाराज ने श्रीफल एवं अक्षत भेंट कर संत शिवराम दास को विधिवत आसन ग्रहण कराया। वहीं संत रमन बिहारी दास जी ने तिलक कर धाम अभिषेक की विधि संपन्न कराई। इस अवसर पर शिवानंद जी, रामदास, रणछोड़ दास, राजेश्वर चैतन्य, हनुमान दास, माधव दास, बनवारी दास सहित अन्य संत-महंतों ने शाल ओढ़ाकर एवं फूलमालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद उपस्थित जनसमुदाय ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## महंत पद की शपथ

महंत पद की शपथ ग्रहण करते हुए संत शिवराम दास ने कहा कि वे धाम की गरिमा को बनाए रखते हुए स्वच्छ एवं पवित्र वातावरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी भक्तों एवं संतों के साथ समान व्यवहार करने तथा धाम में प्रतिदिन होने वाली धार्मिक गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने का संकल्प लिया।

## सादा जीवन, कठोर साधना

58 वर्षीय संत शिवराम दास मूलतः शमशाबाद के निवासी हैं। उन्होंने स्नातक तक शिक्षा प्राप्त की है और आजीवन ब्रह्मचर्य का व्रत धारण किया है।

करीब 20 वर्षों तक कठोर तपस्या एवं एकांत साधना के बाद गुरुदेव के आदेश से वे धाम में आए। वे प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मौन व्रत रखते हैं और अत्यंत अनुशासित एवं सादा जीवन जीते हैं।

## क्षेत्र में खुशी की लहर

संत शिवराम दास के महंत पद पर चयन से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। कार्यक्रम में मुकेश शर्मा, शिवराज, रामसेवक, रामकुमार, भगवान दास, मुन्नालाल, रामवीर, रविंद्र दास, राधेश्याम, ऋषि, बनवारी (पूर्व सरपंच सामोर), बनवारी (पूर्व सरपंच सिंघावली), हर्बल सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सेमरियावां विकासखंड के दुधारा में बनाई गई पानी की टंकी

## दुधारा गांव में तीन करोड़ का खपाया फिर भी पानी को तरसाया







वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** सेमरियावां ब्लॉक के दुधारा गांव में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 6 वर्ष पूर्व लगभग तीन करोड़ की लागत से पानी की टंकी बनाई गई थी और पाइपलाइन भी बिछाई लेकिन अभी तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो सकी ग्राम निवासी जावेद अहमद का कहना है ऐसी परियोजनाएं जिसमें ज्यादा पैसे की खपत होती है लोग पास करवा कर आधी अधूरी छोड़कर भाग जाते हैं मुसीबत जनता झेलती है। जिसे इस गांव के लोग मजबूरन प्रदूषित पानी का उपयोग कर रहे हैं। रफी अहमद का कहना है पाइपलाइन बिछाकर घरों तक टोटी भी लगा दिया रास्ते को बर्बाद किया लेकिन शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हुआ। मोहम्मद शाहिद का कहना है जब पानी की टंकी का निर्माण हो रहा था तो लोगों में काफी उत्साह था और आशा था कि जल्द ही शुद्ध पेयजल। नसीब होगा लेकिन 6 साल बीतने के बाद भी निराशा हाथ लगी। अतिकुर्रहमान का कहना है टंकी बनाकर और पाइपलाइन बिछाकर



कार्यदाई संस्था का फरार हो जाना या साबित करता है कि परियोजना में कुछ गोलमाल है।

# इंटर व हाईस्कूल में अच्छे नंबर लाने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** आशा ट्रस्ट और लोक समिति द्वारा संचालित आशा ज्ञान पुस्तकालय नागेपुर में रविवार को खुशी का माहौल था ग्रामीण क्षेत्र के छात्राओं ने अच्छे अंक लाकर ये साबित कर दिया है कि हम छात्राएं भी किसी से कम नहीं कक्षा 10 से साक्षी 80%, अभय 88%, सुनील 84%, रोशनी 75%, चुलबुली 80%, गुंजा 78%, काजल 73% व कक्षा 12 से प्रिया 84.5%, उर्वशी 83%, आदित्य वर्धन 82%, सुप्रिया 82%, दिव्या 80%, संध्या 75% आदि इन सभी छात्राओं को हैदराबाद यूनिवर्सिटी, शंकरा हॉस्पिटल, APU यूनिवर्सिटी बैंगलोर और भोपाल, CUET ENTRANCE EXAM के बारे में विस्तार से जानकारी देकर सभी छात्र/छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ ही माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर किया गया स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया। स्वागत समारोह मुख्य रूप से नंदलाल मास्टर, लोक चेतना समिति के निर्देशिका रंजू सिंह, पुस्तकालय संयोजक पंचमुखी सिंह, अवनीश ने सभी छात्राओं का स्वागत किया।

# जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सपने देखना जरूरी है- डॉ. मामून खान

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** रविवार को एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में बुनियाद प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा 6 से कक्षा 11 तक एवं नीट और जे ई ई लेवल के बच्चे सम्मानित किये गये। इस सम्मान समारोह में अवध गर्ल्स इंटर कॉलेज कड़जा, अलहुदा पब्लिक स्कूल चैनपुर, एच आर ग्लोबल एकेडमी उसरा शहीद, ए एच इंटर कॉलेज पैड़ी, अल्हिदायह पब्लिक स्कूल सेमरियावां, हरिराम ग्लोबल एकेडमी उसरा शहीद, इंडस एजुकेशनल एकेडमी करही, एमजीएम पब्लिक स्कूल सेमरियावां, दारुल उलूम अहले सुन्नत अगया, ब्लूमिंग बड्स स्कूल खलीलाबाद, दी शान सेंट्रल एकेडमी दुधारा, लर्निंग इंटरनेशनल स्कूल खलीलाबाद, आरएलएस एमसीआईएस बस्ती, अकबर एजुकेशनल एकेडमी परसा शुक्ला, गेटवे एकेडमी खलीलाबाद, MRD इंटर कालेज बाकर गंज, पार्वती पब्लिक स्कूल मेंहदवाल के छात्र छात्राओं ने बुनियाद टेस्ट सफलता हासिल कर पुरस्कार प्राप्त किया। इग्नू के पूर्व वाईस चांसलर एक्यू खान की सरपरस्ती में ये प्रोग्राम प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. मामून अहमद ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सपने देखना जरूरी है। उन सपनो को पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत, समय का सदुपयोग, आधुनिक जानकारियों से अपडेट होना जरूरी है। समारोह में डॉ सरफराज अहमद चाइल्ड स्पेशलिस्ट बस्ती ने स्टूडेंट्स को आगे बढ़ने के उचित सलाह दिए। इस अवसर इनामुल्लाह, मुजीबुल्लाह, जमाल अहमद, शमशेर अहमद, मो अहमद, गौहर अली खान, जिला पंचायत सदस्य कायनात फातिमा, मुहम्मद शाहिद, जहीर अहमद, मनोज कुमार अनिल, जफीर अली, मोहम्मद अहमद, सलमान अहमद, मोहम्मद ईशा, जावेद अहमद आदि मौजूद रहें। समारोह का संचालन कमरे आलम सिद्दीकी और कौसर खान ने किया।

# उसराशहीद में स्वच्छता अभियान की उड़ रहीं हैं धज्जियाँ



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के उसराशहीद में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। जो कि ग्रामीणों की परेशानी का सबब बना हुआ है। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। सेमरियावा ब्लाक क्षेत्र के उसराशहीद में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गंदगी इस गांव की पहचान बनती जा रही है। जिम्मेदारों की उदासीनता और लापरवाही के कारण सरकार की स्वच्छता अभियान पर ग्रहण लगता दिख रहा है। गंदगी से उठती दुर्गन्ध से संक्रामक बीमारियों के फैलने का बढ़ गया है। लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की निगाह इस तरफ नहीं पड़ रहीं है। जो कि ग्रामीणों की परेशानी का कारण बना हुआ है। ग्रामीण इरशाद अहमद, महबूब अहमद, सरजू प्रसाद, अब्दुल बारी, रशीद अहमद, सेराज अहमद आदि ने शासन- प्रशासन से उत्पन्न समस्या के समाधान की मांग किये हैं। इस सम्बन्ध में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राधेश्याम चौधरी ने पूछे जाने पर कहा कि जानकारी नहीं है। जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तीसरी बार तहसील अध्यक्ष चुने गए धर्मेन्द्र मिश्रा पत्रकार हितों के संघर्ष का लिया गया संकल्प

## पत्रकारों के हित की लड़ाई के लिए होगा: संघर्ष-जिलाध्यक्ष

वेलकम इंडिया संवाददाता



**हिना कमाल/मेहदावल।** मेंहदावल डाक बंगले पर रविवार को 'इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन' की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से संगठन के विस्तार और भविष्य की रूपरेखा पर चर्चा हुई।बैठक के दौरान चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से वरिष्ठ पत्रकार धर्मेन्द्र मिश्रा को लगातार तीसरी बार तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन सचिव के.डी. सिद्दीकी एवं जिलाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाण्डेय ने पत्रकारिता के गिरते स्तर और पत्रकारों के सामने आने वाली चुनौतियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि संगठन का उद्देश्य न केवल पत्रकारों की समस्याओं का समाधान करना है, बल्कि समाज के प्रति उनकी जवाबदेही को भी सशक्त बनाना है।

बैठक में पत्रकारों का आयुष्मान कार्ड, बीमा आदि बनवाने के लिए रुपरेखा तैयार किया गया जिससे पत्रकारों के स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान हो सके। इस दौरान धर्मेन्द्र मिश्रा के पिछले दो कार्यकाल के दौरान संगठन के प्रति उनके समर्पण और सक्रियता को देखते हुए, बैठक में मौजूद सभी पत्रकारों ने एक स्वर में उनके नाम का समर्थन किया।बैठक में तहसील इकाई के अन्य पदों पर भी चर्चा की गई और जल्द ही पूरी कार्यकारिणी के विस्तार की बात कही गई।सभी ने नवनियुक्त अध्यक्ष को माला पहनाकर बधाई दी और उनके नेतृत्व में संगठन के उज्जवल भविष्य की कामना की।तीसरी बार जिम्मेदारी मिलने पर तहसील अध्यक्ष चुने जाने पर धर्मेन्द्र मिश्रा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, ₹पत्रकारों के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हम संगठन को और अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों को भी जोड़ेंगे।₹इस दौरान राजीव मिश्र, सुनील यादव, विमलेश त्रिपाठी, विकास अग्रहरि, राम अनुज मिश्र, कुशल दूबे, गोरखनाथ राय, शिवेन्द्र कुमार, कमलेश यादव, लालकेश, वासुदेव यादव, प्रेम कुमार, राहुल त्रिपाठी, शिवमूरत समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट - 2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट - 2025 की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज परीक्षा के दूसरे दिन विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, नेहरू कृषक इण्टर कॉलेज खलीलाबाद सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचकर वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था, व्यवस्थापन एवं परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान ड्यूटी में तैनात अधि0/कर्मचारीगण को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने, अभ्यर्थियों के लिए सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश व्यवस्था सुनिश्चित करने, संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न होने देने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए सघन निगरानी की व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कंट्रोल रूम, जनपदीय कंट्रोल रूम तथा डायल-112 को भी पूरी तरह अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# क्षेत्र में सुख समृद्धि के लिए गेहूं के खेत में तप कर रहे अवधूत संत बाबा पागल दास

वेलकम इंडिया संवाददाता



**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम घना का पूरा स्थित खेतों में अवधूत संत बाबा पागल दास इन दिनों भीषण गर्मी के बीच गेहूं के खेत में तपस्या कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं लोककल्याण के लिए साधना कर रहे हैं। संत बाबा पागल दास विभिन्न स्थानों पर रहकर निरंतर तप एवं साधना करते रहते हैं। संत बाबा पागल दास ने बताया कि यह साधना समाज में शांति, समृद्धि और गौ संरक्षण की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से की जा रही है।

उन्होंने 27 अप्रैल को आयोजित होने वाले राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आवाह्न अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी सनातन प्रेमी, गौ भक्त, सकल हिंदू समाज एवं विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में राजाखेड़ा के बिचौला रोड स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर गौ सेवा केंद्र पर सुबह 9 बजे पहुंचें।

यहां से शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक यात्रा पुलिस चौकी राजाखेड़ा होते हुए उपखंड कार्यालय तक निकाली जाएगी, जहां उपखंड अधिकारी को गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने, गौ हत्या बंद कराने तथा गौ संरक्षण से संबंधित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

संत बाबा पागल दास ने कहा कि पूरे देशभर में गौ सम्मान आवाह्न अभियान के माध्यम से एक पुनीत कार्य किया जा रहा है और सभी नागरिकों को इसमें सहभागी बनना चाहिए।

उन्होंने 27 अप्रैल को गौ सम्मान दिवस के रूप में मनाने का भी आह्वान किया। इस दौरान राजाखेड़ा क्षेत्र में अभियान को लेकर सक्रिय गौ सेवक योगेंद्र सिंह राघव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय कार्यकर्ता कुश राठौर एवं स्कंध वशिष्ठ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजाखेड़ा में बिजली विभाग का 'सुपर एक्शन' लो-वोल्टेज और बिजली चोरी पर जोरदार प्रहार

वेलकम इंडिया संवाददाता



**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान।** जेवीवीएनएल अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा के आदेशानुसार उपखंड में सहायक अभियंता आनंद तिवारी के निर्देशन में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और लो-वोल्टेज की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए विद्युत विभाग पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। विभाग ने एक साथ दोतरफा रणनीति अपनाते हुए जहां इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है, वहीं बिजली चोरों के खिलाफ भी कड़ा शिकंजा कसा है। अब नहीं डिम होगी बत्तीः बदले गए भारी-भरकम ट्रांसफार्मर कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल और मयंक मिश्रा द्वारा ग्रामीणों और शहरी उपभोक्ताओं की लंबे समय से चली आ रही लो-वोल्टेज की शिकायत को दूर करने के लिए विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। अपग्रेडेशनः सिस्टम की क्षमता बढ़ाने के लिए 100 KVA के 3 पुराने ट्रांसफार्मर को हटाकर उनकी जगह 160 KVA के नए और शक्तिशाली ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। अर्थिंग में सुधारः ट्रांसफार्मर की कार्यक्षमता और गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए उनकी अर्थिंग में पानी डालने और तकनीकी खामियों को दुरुस्त करने का काम युद्ध स्तर पर किया गया। भविष्य की योजनाः विभाग यहीं नहीं रुकने वाला है; आने वाले दिनों में 9 और ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने (ऑगमेंटेशन) का प्रस्ताव तैयार है, जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था चकाचक हो जाएगी। बिजली चोरों में हड़कंपः 13 पर गिरा 'जुमार्ने का बम' एक तरफ जहां ईमानदार उपभोक्ताओं को राहत दी जा रही है, वहीं दूसरी तरफ बिजली चोरी करने वालों पर विभाग की 'तीसरी आंख' टेढ़ी हो गई है।

विद्युत चोरी के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के दौरान 13 जगहों पर सरेआम चोरी पकड़ी गई। विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन दोषियों पर 3.6 लाख रुपये का भारी-भरकम जुमार्ना ठोक दिया है। साथ ही रात्रि कालीन विजिलेंस कार्यवाही भी स्टार्ट कर दी गई है रात में अलग-अलग टीम बनाकर बिजली चोरी पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। सहायक अभियंता का संदेशः > 'हमारा लक्ष्य हर घर तक पूरी वोल्टेज के साथ बिजली पहुँचाना है। बुनियादी ढांचे में सुधार जारी रहेगा, लेकिन बिजली चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चोरी पकड़े जाने पर और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।' खबर का सारः राजाखेड़ा में अब बिजली गुल होने और लो-वोल्टेज के दिन लदने वाले हैं। विभाग की इस सक्रियता से जहां उपभोक्ताओं में खुशी है, वहीं कुंडी कनेक्शन लगाने वालों की रातों की नींद उड़ गई है! कार्यवाही टीम में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा, विशाल जायसवाल, और रणवीर सिंह मूंड के साथ वरिष्ठ टेक्निशियन अवधेश शर्मा, सोहनपाल सिंह, सोनेश कुमार, ओमप्रकाश, आसिफ खा, बंटी खा, हरवान सिंह इत्यादि थे।

# मनिया थाना क्षेत्र के गडाईच गांव में नदी में डूबने से 3 बच्चों की मौत

वेलकम इंडिया संवाददाता



**धौलपुर राजस्थान।** पार्वती नदी में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने गए थे। मनिया थाना क्षेत्र के गडाईच गांव में रविवार का दिन खुशियों के बजाय मातम लेकर आया। बच्चे गर्मी से राहत पाने के लिए पार्वती नदी में नहाने गए थे। इस हादसे ने न केवल मृतक बच्चों के परिवारों को झकझोर कर रख दिया है बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर पैदा कर दी है।

जानकारी के अनुसार गडाईच गांव के लगभग एक दर्जन से अधिक बच्चे रविवार की छुट्टी का आनंद लेने के लिए पास ही बहने वाली पार्वती नदी पर गए थे। बच्चे नदी के किनारे खेल रहे थे और पानी में नहा रहे थे। इसी बीच खेल-खेल में कुछ बच्चे अनजाने में किनारे से दूर गहरे पानी की तरफ चले गए। खुद को डूबता देख बच्चों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए बच्चों ने हिम्मत दिखाई। हालांकि नदी की गहराई और पानी का तेज बहाव उनकी हिम्मत पर भारी पड़ गया। दूसरों की जान बचाने की कोशिश में मासूम खुद पानी की गहराइयों में समा गए।

नदी किनारे मौजूद अन्य बच्चों की चीखें सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े। ग्रामीणों ने अपनी जान जोखिम में डालकर बच्चों को तलाशना शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। मनिया थाना पुलिस और स्थानीय गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शवों को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

# 588 प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड का दीक्षांत समारोह-2026 का हुआ आयोजन

## पासिंग आउट परेड मे मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ द्वारा परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया गया












**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में 588 रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि कलानिधि नैथानी पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ रहे। उक्त दीक्षांत परेड में पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ कलानिधि नैथानी सहित अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अंतरिक्ष जैन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक प्रताप अजेय, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन प्रखर पाण्डेय एवं अन्य क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक लाइन/रेडियो, प्रभारी आर0टी0सी0 व समस्त स्टाफ आर0टी0सी0 आदि उपस्थित रहे।पासिंग आउट परेड मे मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया गया। परेड के निरीक्षण के उपरान्त मार्च पास्ट/प्रदर्शन किया गया, इसके उपरान्त विशिष्ट रिक्रूट आरक्षी शिवम कुमार, संदीप कुमार, चन्द्रकान्त सारस्वत, महावीर सिंह, काना शर्मा, शिवम कुमार, जयकिशन शेखावत, आदित्य रावत, तफसील रावत, मनीष कुन्तल, दीपक कुमार, रामप्रकाश, दिलीप कुमार, यशपाल सिंह, हरी किशन राणा, अजय प्रताप सिंह, पीयूष कुमार, सौरव यादव, सोरभ भारद्वाज, प्रवीण कुमार को पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा मूमेन्टो प्रदार कर सम्मानित किया गया तथा रिक्रूट आरक्षी मनीष कुन्तल को सर्वांग सर्वोत्तम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया एवं प्रथम परेड कमाण्डर रिक्रूट आरक्षी रामेश्वर सिंह, द्वितीय परेड कमाण्डर रिक्रूट आरक्षी दिव्यांक शर्मा, तृतीय परेड कमाण्डर रिक्रूट आरक्षी उदित कुमार को भी मूमेन्टो प्रदान किया गया। इसके अलावा उ0नि0 अध्यापक, आई0टी0आई0 व पी0टी0आई0 आदि को भी सम्मानित किया इसके उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में निष्ठा व ईमानदारी एवं सतर्कता से अपनी ड्यूटी करने का निर्देश दिए गए तथा भारतीय संविधान व कानून का पालन करने व कराने की भी शपथ दिलायी गयी एवं सभी रिक्रूट आरक्षियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।इसके उपरान्त अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक प्रताप अजेय, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन प्रखर पाण्डेय द्वारा संयुक्त रुप से मुख्य अतिथि पलिस उपमहनिरीक्षक को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। परेड कार्यक्रम का बहुत हर्षोउल्लास के साथ



प्रारम्भ व समापन हुआ। पासिंग आउड परेड में सम्मिलित 588 रिक्रूट आरक्षी पुलिस बल मे शामिल होकर अपने कर्तव्यो का निर्वहन करने हेतु शामिल हुए।

## शहीद स्मारक के प्रांगण में भाजपाजनों ने चलाया स्वच्छता अभियान




**संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** हरहुआ ब्लाक के चक्का गांव मे स्थित शहीद तिलकधारी यादव स्मारक पार्क में शनिवार को भाजपाजनों ने स्वच्छता अभियान चलाया। शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभियान का शुभारंभ हुआ। हाथों में झाड़ू लेकर साफ-सफाई किया गया। प्रधानमंत्री के काशी आगमन के मद्देनजर पंचायत भवन में बैठक भी हुई। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने शहीद तिलकधारी यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम अंतर्गत महिलाओं के अधिकार, मान -सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा हैं। इसे लेकर हर जाति, वर्ग, धर्म से जुड़ी महिलाएं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर उनकी बातों को सुने। भाजपा हरहुआ मण्डल के अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय मिश्र' ने कहा कि घर -घर महिलाओं से सीधा संवाद कर उनको सम्मान के साथ अपनी आवाज पीएम तक पहुंचाने के लिए तैयार किया जा रहा है। हरहुआ मण्डल क्षेत्र से सैकड़ों महिलाएं कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। इस अवसर पर अखंड प्रताप सिंह, प्रधान मधुवन यादव, अरुणेंद्र सिंह, अनिल पांडेय, मनोज पटेल, प्रिया सिंह, विजय सिंह, उत्सव सिंह व शहीद के इकलौते पुत्र राजनाथ यादव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और महिलाएं उपस्थित रही।

## सब्जी मंडी में मारपीट एक का सिर फटा

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के चित्रसेनपुर (मिजार्मुराद) सब्जी मंडी में रविवार की सुबह मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के डोमैला गांव निवासी किशन बिन्द सब्जी लेकर मंडी आया हुआ था मंडी के पास सर्विस लेन पर सामने से आ रही सगड़ी से किशन का बोरी लग गया और फट गया।जिसको लेकर किशन ने विरोध किया उसी पर सगड़ी चालक पूरे गांव (कछ्वांरोड) निवासी रोशन पटेल ने कड़े से किशन के सिर पर वार कर दिया।जिससे किशन का सिर फट गया और खून से लहूलुहान हो गया।मौके पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा घायल को पास के अस्पताल में ले जाकर दवा दवा इलाज करवाया गया।पीड़ित मिजार्मुराद थाने पहुंच रोशन पटेल के खिलाफ मारपीट का तहरीर दिया गया।पुलिस तहरीर लेकर घायल को मेडिकल हेतु भेज दी।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर एक के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार, बाइक सीज

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** खजुरी चौकी प्रभारी गणेश पटेल ने सोशल मीडिया पर अमर्यादित गाने पर रील बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक को रविवार की दोपहर में गिरफ्तार कर चालान करने के बाद युवक की बाइक सीज कर दिया। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि बेनीपुर गांव (मिजार्मुराद) निवासी युवक विशाल द्वारा एक बाइक पर बैठकर इंस्टाग्राम पर एक अमर्यादित गाने पर रील बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट किया गया था। जिसकी जानकारी सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो के माध्यम से हुआ। तत्काल खजुरी चौकी प्रभारी गणेश पटेल को भेजकर युवक को गिरफ्तार किया गया युवक अपनी गलती स्वीकार करते हुए संबंधित पोस्ट को डिलीट कर दिया। युवक का चालान शांति भंग में किया गया व बाइक को सीज कर दिया गया।

## लान में शादी के दौरान चोरों ने लाखों के जेवरात उड़ाए

संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के चित्रसेनपुर गांव स्थित कृष्णा उपवन लान में शादी के दौरान चोरों ने अटैची का ताला तोड़कर उसमें रखा करीब 7 लाख का जेवरात उड़ा दिया। पुलिस वेटर समेत चार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार चित्रसेनपुर गांव (मिजार्मुराद) निवासी राजेश सोनकर के दो पुत्रियों की शादी लान में शनिवार को थी। पुनीता सोनकर की बारात भदोही जिले के महराजगंज कंसापुर से आई हुई थी और पूजा सोनकर की बारात मिजार्पुर जिले के चुनार थाना क्षेत्र के मंगरहा गांव से आई हुई थी। शादी का कार्यक्रम चल रहा था जयमाल के बाद जब परिवार के सदस्य ऊपर कमरे में गए तो देखे जिस अटैची में जेवरात रखे हुए है थे वो टूटा हुआ है और सारा जेवरात गायब है। महिलाओं के आवाज देने पर परिवार के सारे सदस्य जुट गए लान में लगा कैमरा चेक किया गया तो लान में काम कर रही एक महिला वेटर और एक बाहरी युवक कमरे में व आसपास आते जाते दिखाई दिया है।जिन युवतियों की शादी थी उसके चाचा सुरेश चंद्र सोनकर ने घटना के बाबत 112 नंबर पुलिस के साथ मिजार्मुराद पुलिस को सूचना दिया।

## कुल चार फोटो भेजे है जिसमे से जो जो फोटो सही लगेगा दो फोटो के साथ खबर लगा दीजियेगा




**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संगठन की प्रान्तीय बैठक वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता प्रान्तीय अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह द्वारा की गई। बैठक की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा (आईएएस) एवं सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा व प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारम्भ किया गया।

साथ ही उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा द्वारा अपने उद्बोधन में सभी प्राधिकरणों से आये हुये पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों का स्वागत के साथ -साथ प्राधिकरण की छवि एवं प्राधिकरण हित व विकास कार्य में ईमानदारी के साथ कार्य करने का आ'ाहन किया गया। आज की बैठक में निम्न प्राधिकरण प्रतिभाग किये।

उक्त बैठक में वाराणसी विकास प्राधिकरण सहित गाजियाबाद,मेरठ,मुरादाबाद,आगरा,मथुरा, लखनऊ,उन्नाव,कानपुर,प्रयागराज, अयोध्या,सहारनपुर व गोरखपुर के प्रतिनिधि सम्मिलित हुये। वाराणसी विकास प्राधिकरण कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष/महामंत्री एवं अन्य सभी पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के अन्य प्राधिकरणों से आये पदाधिकारियों एवं अतिथियों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिह्न देकर भव्य स्वागत किया गया। उक्त बैठक में अन्य विकास प्राधिकरणों से पधारे पदाधिकारियों ने प्राधिकरण कार्मिकों की लम्बे समय से शासन स्तर पर लम्बित 11 सूत्रीय मांगों का निराकरण न होने पर काफी रोष प्रकट किया गया तथा प्रदेश के विभिन्न विकास प्राधिकरणों से पधारे पदाधिकारियों ने दैनिक वेतन/वर्क चार्ज कर्मचारियों का विनियमितिकरण, अकेन्द्रीयित सेवा नियमावली का प्रख्यापन,वेतन विसंगतियों एवं विकास प्राधिकरणों में सेवारत/सेवानिवृत्त कार्मिकों को गम्भीर बीमारी के इलाज हेतु उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक चिकित्सा परिचर्या नियमावली 2016 (यथा संशोधित) तत्काल लागू किए जाने की मांग उठाई गई।

कुछ वक्ताओं ने पुरानी पेंशन की बहाली,कोरोना काल का 18 महीनों का बकाया एरियर के तत्काल भुगतान एवं आठवें वेतन आयोग में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन पुनरीक्षण एवं महंगाई राहत यथावत रखने की मांग उठाई गई एवं अप्रैल 2005 के बाद विनियमित किये गये कर्मचारी (दैनिक वेतन/वर्क चार्ज) का पूर्व सेवा को जोड़कर पेंशन का लाभ दिये जाने के संबंध में जोर-शोर से बल दिया गया। उक्त बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में वाराणसी विकास प्राधिकरण कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह,महामंत्री मो0 फराज खान एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिरूद्ध पाण्डेय,महामंत्री सुशील उपाध्याय के अतिरिक्त वा0वि0प्रा0 डि0ई0 संघ के अध्यक्ष रविन्द्र प्रकाश के साथ-साथ अन्य प्राधिकरणों के उपस्थित पदाधिकारी/प्रतिनिधि विजय शुक्ला,रामसेवक यादव,अशोक सम्राट,अभय कुमार,अरविन्द कश्यप, शैलेन्द्र श्रीवास्तव,यदुनाथ वर्मा,संजय सत्संगी,अशोक शर्मा,सतीश तिवारी,यशवीर सिंह,राजबिहारी तथा अन्य वक्ता शंकरनारायण उपाध्याय,राम बहादुर द्वारा कर्मचारी की समस्याओं के बारे में प्रकाश डाला। बैठक का संचालन दिवाकर द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन संतोष कुमार ओझा द्वारा किया गया।

## क्षेत्र के विकाश के लिए विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल को सौंपा गया मांग पत्र




**संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र के विकाश कार्यों की समीक्षा और जनता की समस्या के समाधान हेतु स्थानीय विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल से मुलाकात की गई। समाजसेवी सतीश तिवारी ने सड़क,पेयजल, हाई मास्क लाइट, गैस सिलेंडर से जुड़ी सभी समस्याए उनके सामने रखी गई। मुलाकात के दौरान क्षेत्र में चल रहे विकाश कार्यों की प्रगति स्थानीय समस्याओं के निराकरण तथा आगामी योजनाओं को लेकर अदिति सिंह पटेल विस्तार से चर्चा की समाजसेवी सतीश तिवारी समस्या का हवाला देते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाए। विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल ने बताया कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है और कर्मचारियों को तत्काल आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का निराकरण उनकी पहली जिम्मेदारी है। इस अवसर समाजसेवी सतीश तिवारी, जयशंकर तिवारी, अशोक वर्मा, अवधेश तिवारी, पत्रकार संदीप तिवारी, आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## 24 कीटनाशी विक्रय केंद्रों की जांच,एक को नोटिस

### लिए गये 6 कीटनाशी नमूनों की प्रयोगशाला में होगी जांच

**संदीप तिवारी**



**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** प्रमुख सचिव (कृषि) उ.प्र.शासन लखनऊ के निर्देश के क्रम में जनपद के किसानों को गुणवत्तायुक्त कीटनाशी दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी ने केंद्रों की जांच के लिए कीटनाशी निरीक्षकों की तीन टीमे गठित की। सीडीओ ने तीनों टीमों को जनपद के कीटनाशी विक्रेताओं,बफर स्टाकिस्ट,विनिमार्ताओं के परिसरों में छापे की कार्यवाही करने के आदेशित दिये।

बीते शनिवार को तीनों टीमों के जांच के दौरान कीटनाशी निरीक्षकों द्वारा कुल 24 कीटनाशक बिक्री केन्द्रों की जॉच करते हुए गुणवत्ता परीक्षण हेतु कुल 06 संदिग्ध नमूने लिये गये। निरीक्षण के दौरान एक कीटनाशी विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

जनपद के जिला कृषि रक्षा अधिकारी बृजेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि जांच के दौरान परीक्षण हेतु लिये गये सभी 6 नमूनो को परीक्षण हेतु राजकीय कीटनाशी प्रयोगशाला में भेजा जायेगा, परिणाम प्राप्त होने के उपरान्त अधोमानक पाये जाने पर कीटनाशी विक्रेताओं व निमार्ताओं के विरूद्ध न्यायालय में अभियोजन दायर किया जायेगा आरोप सिद्ध होने पर अर्थदंड या सजा अथवा दोनो हो सकता है। टीम में शामिल रहे ये अधिकारी- मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गठित टीम-1 में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए(कृषि), रोहित कुमार सिंह, टीम-2 में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी निरूपमा सिह, टीम-3 में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए(कृषि रक्षा) अशोक कुमार श्रीवास्त शामिल रहे।

## चौकी के ऊपर टूटकर गिरा हाईटेंशन लाइन का तार मची अफरातफरी



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुगरासी।** रविवार शाम अचानक बुगरासी बिजलीघर से बरहाना फीडर का हाईटेंशन लाईन का तार टूटकर गिरने से चौकी में अफरा तफरी मच गई। किसी तरह पुलिस कर्मियों ने अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार चौकी बुगरासी के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है।

चौकी बराबर में एक मुस्लिम का मकान भी है जो लाईन खींचने के बाद में बनाया गया है। बिजली कर्मचारी जब लाईन जोडने आये तो मकान मालिक ने हाईटेंशन लाइन के टूटे तार को नही जोडने दिया और वापिस कर दिया। इस तार के टूटने से कई गांवों की विघुत आपूर्ति बंद रहेगी जिससे रातभर अफरा तफरी मची रहेगी।

बुगरासी जेई श्रीराम ने बताया कि इस मकान मालिक ने खीची हुई लाईन के नीचे बिना परमिशन के मकान बना रखा है।मेरे लाईन मैन तार जोडने गये थे मकान मालिक ने भगा दिए जिससे कई गांवों की विघुत आपूर्ति रातभर बंद रहेगी।

सोमवार को टूटी लाईन के नीचे लोहे वाला लम्बा पोल लगाकर लाईन को ऊंचा कर दिया जायेगा। जिससे लाईन मकान से काफी ऊंची हो जायेगी।

## प्रेमिका के पिता ने प्रेमी सहित पांच लोगों के खिलाफ दर्ज कराई हत्या की प्रयास की रिपोर्ट, आरोपी फरार



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ क्षेत्र के गांव सालवाहनपुर में प्रेमी उसके परिजनों द्वारा प्रेमिका को पेट्रोल डालकर जलाकर मारने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया था जिसमें प्रमिका पूरी तरह से आग से झुलस गई थी रविवार को प्रेमिका के पिता दीपक मीणा ने थाना अहमदगढ़ पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के पिता ने बताया है कि उसकी बेटी का रिश्ता01 वर्ष पूर्व सालवाहनपुर थाना अहमदगढ़ क्षेत्र निवासी आशीष के साथ हुआ था रिश्ता होने के बाद आशीष उसकी बेटी से बात करता था दिनांक 25 अप्रैल को आशीष ने टेलीफोन करके मेरी बेटी को गांव बुलाया और कहा कि मैं तुमसे शादी नहीं कर सकता मैं कहीं और शादी कर रहा हूं जब मेरी बेटी ने इसका विरोध किया तो आशीष के परिवार वालों में उसका भाई विवेक मां रजनेश और उसकी दो बहने नीतू और झिलमिल ने उसकी बेटी के साथ मारपीट की और पेट्रोल डालकर आग लगा दी जिससे उसकी बेटी पूरी तरह से जल गई उसे एम्स में भर्ती किया गया है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है उसकी बेटी का नायब तहसीलदार शिकारपुर ने बयान लिया है जिसमें उसकी बेटी ने पांच लोगों के खिलाफ बयान दर्ज कराये हैं थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है आरोपियों की तलाश में दाबिश दी जा रही है जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

## भाजपा सरकार जनता के भरोसे पर नहीं उतरी खरी- पाल

अनिल वशिष्ठ




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** एम.एम. डिग्री कॉलेज के सभागार में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश महासचिव (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) गिरीश मथुरिया सैन के नेतृत्व में किया गया, जबकि संचालन पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि श्यामलाल पाल ने वर्तमान भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह सरकार जनता के भरोसे पर खरी नहीं उतरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार अपने ही लोगों को न्याय दिलाने में असफल है, तो आम जनता को न्याय कैसे मिल पाएगा। वहीं डॉ. राजपाल कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर पीडीए समाज तेजी से एकजुट हो रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2027 में प्रदेश में पुनः समाजवादी सरकार का गठन होगा, जो विकास और सामाजिक न्याय को नई दिशा देगी।

कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, प्रदेश सचिव कालूराम धामा, पूर्व मंत्री रामकिशोर अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा रुहेला, विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत धामा, सिकंदर यादव, बोबी सैन,सुरेंद्र त्यागी, प्रदीप शर्मा, बबलू उपाध्याय, राजदेवी चौधरी, महिला जिला अध्यक्ष दुर्गेश, कमलेश चौधरी, ललित गुर्जर, मनीष बंसल, विक्की ठाकुर, अंकित गुर्जर, यूसुफ खान, महक सिंह जाटव, राहुल सैन, राहुल चौधरी, अजय रुहेला, विपिन रुहेला, रामनिवास रुहेला, फैजान अंसारी, फैसल, अभिषेक, शौरभ अग्रवाल, सुशील शर्मा, प्रमोद सेन एडवोकेट ,सागर यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साह, ऊर्जा और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक रहा।

# जीवन को समझने की कला: 'इन लव विद डेथ' का गहरा संदेश-सतीश मोदी

अनिल वशिष्ठ




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** जब मृत्यु का विचार, जीवन को और अधिक सुंदर बना देता है। आज की तेज रफ्तार और तनाव से भरी दुनिया में, जहां इंसान लगातार भाग रहा है, वहीं कुछ रचनाएं ऐसी होती हैं जो हमें रुककर सोचने पर मजबूर कर देती हैं।इन लव विद डेथ ऐसी ही एक कृति है, जो जीवन और मृत्यु के बीच छिपे उस सत्य को सामने लाती है, जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। प्रसिद्ध उद्योगपति और लेखक सतीश मोदी की यह पुस्तक केवल एक दार्शनिक विचार नहीं, बल्कि एक गहरा अनुभव है–ऐसा अनुभव जो पाठक को भीतर तक प्रभावित करता है और जीवन को देखने का नजरिया बदल देता है। खुशीः जो बाहर नहीं, भीतर है।इस पुस्तक का केंद्रीय विचार अत्यंत सरल, लेकिन गहरा है– आज के समय में, जब लोग सफलता के पीछे भागते-भागते मानसिक शांति खो देते हैं, यह संदेश और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। खुशी कोई बाहरी वस्तु नहीं, बल्कि हमारे भीतर की अवस्था है।' वर्तमान में जीने की कला यह पुस्तक हमें सिखाती है कि वर्तमान में जीना ही जीवन का सबसे बड़ा रहस्य है। 'जब हम वर्तमान में जीते हैं, तभी हम सच्चे अर्थों में जीवन का आनंद लेते हैं।' यह विचार हमें अतीत की पछतावा और भविष्य की चिंता से निकालकर वर्तमान की सच्चाई से जोड़ता है। मृत्युः अंत नहीं, एक नई शुरूआत जहां आमतौर पर मृत्यु को भय के रूप में देखा जाता है, वहीं यह पुस्तक इसे एक स्वाभाविक परिवर्तन के रूप में प्रस्तुत करती है।'मृत्यु को समझना ही जीवन को समझने की शुरूआत है।

# विद्यावती दुबे हॉस्पिटल द्वारा फ्री आईवीएफ कंसल्टेशन कैंप का आयोजन



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र में निःसंतान दंपत्तियों के लिए विद्यावती दुबे हॉस्पिटल ,विद्यावती सेवा ट्रस्ट एवं आई वी एफ सेंटर द्वारा रविवार को एक विशेष फ्री आई वी एफ कंसल्टेशन कैंप का आयोजन किया गया।

इस कैंप में अनुभवी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सताक्षी डॉ पूनम गर्ग द्वारा मरीजों को परामर्श दिया गया ।कैंप के दौरान आने वाले दंपत्तियों को निःशुल्क आई वी एफ कंसल्टेशन के साथ-साथ उनकी स्थिति के अनुसार पर्सनलाइज्ड फर्टिलिटी प्लान भी दिया गया। कैंप में रक्त जांच के अलावा अल्ट्रासाउंड भी किया गया। डॉ पूनम गर्ग एंव डॉ शताक्षी गर्ग स्त्री रोग विशेषज्ञ का कहना है कि आजकल बदलती जीवनशैली, तनाव और स्वास्थ्य कारणों से बांझपन की समस्या बढ़ रही है, ऐसे में आईवीएफ तकनीक कई दंपत्तियों के लिए उम्मीद की किरण बन रही है। कैंप में अनिता, मीनू, रजनी, कामिल, परवीन .अरविंद आदि का सहयोग रहा ।

# डॉ के एन मोदी कॉलेज के छात्रों ने जनपद में बोर्ड परीक्षा में मारी बाजी: चार छात्रों ने जिला टॉप सूची में जगह बनाई

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** बोर्ड परीक्षा 2026 में इस बार मोदीनगर के नामचीन स्कूल डॉ के एन मोदी कॉलेज के छात्रों ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। हाई स्कूल के दो छात्र मोहित शर्मा ने 91.33 प्रतिशत अंक पाकर जिले में चौथी रैंक तथा सौरभ ने 90.83 प्रतिशत अंक पाकर जिले में छठी रैंक बनाई ,कृष्ण श्रीवास्तव ने 89.67 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में तृतीय स्थान कार्तिक ने 89.50 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में चतुर्थ स्थान शुभम ने 89% प्रकार विद्यालय में पांचवा स्थान बनाया कृष गोयल ने 88% अंक पाकर विद्यालय में छठा स्थान इसी प्रकार इंटरमीडिएट में कार्तिक त्यागी ने 87.8 प्रतिशत अंक पाकर जनपद में छठी रैंक तथा शिवाजी ने 86.6% अंक पाकर जनपद में दसवीं रैंक छात्र कुशल 83.8% आदित्य सिरोही ने 82.6% सौरभ 82% और सागर 81.2 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश अग्रवाल ने बताया कि हाई स्कूल के 674 पंजीकृत छात्रों में 670 छात्र सम्मिलित हुए उनका परिणाम 97.31 प्रतिशत रहा इंटरमीडिएट में 598 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 592 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए उनका उत्तीर्ण प्रतिशत 92.06 प्रतिशत रहा इतनी अधिक छात्र संख्या होने और 33 शिक्षकों की ड्यूटी एस आई आर में लगी होने के बावजूद परीक्षा परिणाम का 97% होना कोई साधारण बात नहीं है विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि नवंबर माह से 33 शिक्षक लगातार एस आई आर के कार्य में लगे थे जिसके कारण छात्रों की पढ़ाई चार माह बाधित रही। कर्मठ और समर्पित शिक्षकों शिक्षिकाओं के परिश्रम के कारण बोर्ड परीक्षा में छात्रों ने यह अभूतपूर्व सफलता पाई है ।शिक्षकों को बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं जिन्होंने एसआई आर ड्यूटी होने के बावजूद छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से भी अपना मार्गदर्शन जारी रखा। प्रधानाचार्य ने बताया कि मैने स्वयं भी प्रतिदिन पांच-पांच कालांश लेकर छात्रों की पढ़ाई पूरी करने का प्रयास किया था। बोर्ड परीक्षा में छात्रों के अभूतपूर्व प्रदर्शन पर कॉलेज के अध्यक्ष और डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ डी के मोदी उपाध्यक्ष कैप्टन राजीव सक्सेना प्रबंधक संदीप कुमार यादव ने सभी को शुभकामनाएं और बधाई दी और भविष्य में इसी प्रकार आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# स्पोर्ट्स एथलेटिक्स मीट में 300 एथलेटिक्स ने बढ़ चढ़ कर लिया भाग




अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मिलेनिअम एकेड्मी किल्होड़ा हापुड़ रोड मोदीनगर जे. एम एस. वर्ल्ड विद्यालय में स्पोर्ट्स एलिटिक्स मीट का आयोजन किया गया।जिसमें आस-पास के जनपदों से लगभग 300 एथलेटिक्स ने खेलों में बढ़ चढ़ कर भाग किया।जिसमें जे. एम एस. वर्ल्ड विद्यालय मिलेनिअम एकेडमी के एथलीटों का बोलबाला रहा।जिसमे पाँच गोल्ड, पाँच सिल्वर और पाँच कांस्य पदक छवि, पूजा, अभिज्ञान, वंश, इति, अनुष्का त्यागी, अंशिका त्यागी अंशिका तेवतिया वैभव ने प्राप्त किए।जिसमें इन सभी एथलीटों का नेतृत्व मिलेनिअम एकेडमी के शारीरिक शिक्षा विभाग के बलराम सह कु.अभिलाषा, कोमल ने अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। मिलेनिअम एकेडमी के प्रधानाचार्य संदीप कुमार, चैयरमैन मधुर नेहरा, मैनेज जसबीर सिंह विद्यालय प्रशासनिक श्रीमती नीतू चौधरी के द्वारा बच्चों का भव्य स्वागत किया गया। जिसमे प्रार्थना स्थल पर बच्चों को पदक और प्रमाण पत्र देकर छात्र- छात्र-छात्राओं को खेलों के प्रति सम्मानित और पुरुस्कृत किया या गया गया ।जिसने विद्यालय के खेलों में के के प्रति प्रति प्रेरित और शारीरिक प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों को और मानसिक तूनाव को दूर रखने के लिए बढ़चढ़ कर खेलों में भाग ले जिसमें उपस्थित विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# महर्षि कश्यप उत्थान सेवा समिति ने किया महर्षि कश्यप जन्मोत्सव का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** कश्यप उत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज कश्यप के नेतृत्व में महर्षि कश्यप जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने कश्यप समाज की एकजुटता, सामाजिक सशक्तिकरण और शिक्षा के प्रसार पर बल देते हुए समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन के निकट स्थित महर्षि कश्यप मूर्ति श्रद्धा उपवन में आयोजित इस भव्य आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ सपा नेता जेपी कश्यप, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, पूर्व विधायक रंजीत कश्यप तथा विशिष्ट अतिथि सामाजिक न्याय पार्टी अध्यक्ष देवेंद्र कश्यप व सपा प्रदेश सचिव अनुज सुधाकर कश्यप ने महर्षि कश्यप की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि जेपी कश्यप,विशिष्ट अतिथि देवेंद्र कश्यप, विशिष्ट अतिथि अनुज सुधाकर कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज को शिक्षा, संगठन और संघर्ष के मार्ग पर चलते हुए अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना होगा तथा युवाओं को राजनीति में भी सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर एकजुटता के साथ आगे बढ़ना होगा। पंकज कश्यप ने दो प्रमुख मांगें भी उठाईं, जिनमें कश्यप समाज को अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल किया जाए तथा महर्षि कश्यप जयंती (5 अप्रैल) पर शासन द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुभाष कश्यप, विपिन त्यागी कश्यप, सतीश कश्यप, सुनील कश्यप, जयवीर कश्यप, एडवोकेट अंकित कश्यप, अमर कश्यप, हितेश कश्यप, सचिन कश्यप, अनिल कश्यप, सुशील कश्यप, मोहित कश्यप, डॉ. अनिल कश्यप, नरेंद्र कश्यप, रामकुमार कश्यप, अनिल कश्यप, मनोज कश्यप, महेश कश्यप आदि ने सराहनीय सहयोग किया। समझ में कश्यप समाज के हजारों लोग मौजूद थे।

# परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मानित किया गया



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी डी शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभा के राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता शिवकुमार शर्मा जी को सभा के पदाधिकारी दिवाकर शर्मा एवं सभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित बी डी शर्मा करोरिया के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री ने भगवान परशुराम जी के चरित्र पर बहुत सुंदर व्यक्त दिया। उन्होंने कहा की भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार नहीं, बल्कि मानव रूप में प्रथम अवतार हैं ' क्योंकि उनसे पूर्व के जो पाच अवतार जिसमें कुर्म,मत्स्य वराह, नृसिंह,वामन अवतार मानव रूप में पूर्ण अवतार नहीं थे।

मानव रूप में पूर्ण रूप से उत्पन्न होने वाले भगवान परशुराम प्रथम अवतार है चिरंजीवी है और आज भी मन की गति से पूरे ब्रह्मांड में विराजमान रहते हैं इस अवसर पर दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी जी भी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद हितेषी, उपाध्यक्ष सुनील कुमार वत्स,राष्ट्रीय सचिव दीपक शर्मा जी आदि गणमान्य .- व्यक्ति उपस्थित रहे।

# निष्काम सेवक जत्था समिति का सराहनीय प्रयास रक्तदान शिविर में दिखा सेवा और समर्पण का जज्बा



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** निष्काम सेवक जत्था समिति, मोदीनगर द्वारा निष्काम भवन, गोविन्दपुरी में आयोजित रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर जीवन चैरिटेबल ब्लड बैंक, मुरादनगर के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निष्काम समूह द्वारा अरदास कर किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। समाज सेवा और मानवता के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भी इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में मोदीनगर के पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा, चेयरमैन मोदीनगर विनोद वैशाली, मोदी समूह के वरिष्ठ प्रबंधक एन.पी. बंसल, भाजपा महिला नेत्री अपराजिता सिंह तथा वरिष्ठ कथावाचक अरविंद ओझा सहित नगर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। निष्काम समिति के संरक्षक दिलीप शर्मा एवं धीरज कालरा ने सभी रक्तदाताओं को ब्लड सर्टिफिकेट एवं आभार प्रतीक उपहार प्रदान कर उनका धन्यवाद किया तथा साथ ही कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों को समिति की ओर से मेमेंटो भेंट कर सम्मानित किया इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष जसमीत सिंह ने सभी सहयोगियों, रक्तदाताओं एवं अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि समिति का उद्देश्य निरंतर ऐसे सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में निष्काम समूह के वरिष्ठ सदस्य दिलीप शर्मा, धीरज कालरा, मंजीत सिंह, अमित कुमार, प्रफुल्ल गांधी, राजेश खुराना, पुनीत बतरा, ज्ञानी रविन्द्र सिंह, ट्विंकल बतरा, अनुप्रीत कौर, राहुल बाबा, जसमिंदर सिंह, सुनील नारंग, हरसिमर सिंह, रविंद्र सिंह, रविंद्र खटाना, बिन्दू आत्रे, रूचि विद्यार्थी, हर्षी बतरा, गुन्जीत भटेजा, निक्की राणा, मनजोत सिंह सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# 'खामोशी से आवाज तक' कॉक्लियर इम्प्लांट से बदल रही बच्चों की ज़िंदगी

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, गाजियाबाद की पहल से अब श्रवण बाधित बच्चों के जीवन में नई उम्मीद जाग रही है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्री अंशुल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में कई ऐसे बच्चों का सफलतापूर्वक कॉक्लियर इम्प्लांट ऑपरेशन कराया गया है, जो अब सुनने और बोलने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कॉक्लियर इम्प्लांट एक आधुनिक चिकित्सा प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से गंभीर रूप से सुनने में असमर्थ बच्चों को ध्वनि सुनने की क्षमता विकसित करने का अवसर मिलता है। ऑपरेशन के बाद बच्चों को नियमित स्पीच थेरेपी और ऑडिटरी ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे वे धीरे-धीरे बोलना भी सीख जाते हैं। श्री चौहान ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की कॉक्लियर इम्प्लांट योजना के तहत 5 वर्ष तक की आयु के ऐसे बच्चों को लाभ दिया जाता है, जो जन्म से या किसी कारणवश सुनने में अक्षम हैं। इस योजना के अंतर्गत लगभग 6 लाख रुपये की लागत वाले ऑपरेशन का पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रक्रिया की सफलता में विशेषज्ञों के साथ-साथ परिवार का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। सही समय पर उपचार और निरंतर प्रशिक्षण से बच्चे सामान्य जीवन की ओर बढ़ सकते हैं।

# अतिक्रमण पर सख्ती: कौशाम्बी बस अड्डा व पैसिफिक मॉल क्षेत्र में चला यातायात पुलिस का विशेष अभियान

वेलकम इंडिया संवाददाता







**गाजियाबाद।** जनपद में सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु यातायात पुलिस गाजियाबाद द्वारा आज पैसिफिक मॉल तथा कौशाम्बी बस अड्डे के आसपास अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए ठेले, रेहड़ी एवं अन्य अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया गया, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था।

पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद दुकानदारों, रेहड़ी संचालकों एवं वाहन चालकों को जागरूक करते हुए समझाया कि सड़क पर अतिक्रमण करने से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है और आमजन को असुविधा होती है। सभी से अपील की गई कि वे निर्धारित स्थानों पर ही अपना व्यवसाय करें एवं यातायात नियमों का पालन करें।

यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। अभियान के पश्चात क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला तथा आम नागरिकों ने इस कार्रवाई को सकारात्मक कदम बताया।

# गाजियाबाद पुलिस को मिली ऐतिहासिक मजबूती:1400 नए जवानों की पासिंग आउट परेड से सुरक्षा व्यवस्था को नई धार

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद पुलिस लाइन में रविवार को आयोजित भव्य पासिंग आउट परेड ने पूरे जनपद में उत्साह और गर्व का माहौल पैदा कर दिया। कड़े और अनुशासित प्रशिक्षण के बाद तैयार हुए करीब 1400 नए पुलिसकर्मियों ने सेवा में शामिल होकर न केवल अपने सपनों को साकार किया, बल्कि गाजियाबाद की कानून-व्यवस्था को भी नई मजबूती प्रदान की। परेड के दौरान जवानों ने आकर्षक मार्च पास्ट, तालमेल और अनुशासन का ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने उपस्थित अधिकारियों और दर्शकों को प्रभावित कर दिया।






## कमिश्नर ने दी जिम्मेदारी निभाने की सीख

परेड की सलामी पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने ली। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस की वर्दी सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी लेकर आती है। उन्होंने नवसिपाहियों को ईमानदारी, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है, जिसे हर हाल में बनाए रखना आवश्यक है।

## महिला-पुरुष दोनों की भागीदारी से बढ़ी संतुलित ताकत

### मुख्यमंत्री का प्रेरक संबोधन

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस लगातार आधुनिक और सशक्त बन रही है, जिसमें नए जवानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने ह्लसेवा, सुरक्षा और समर्पणह्व के मूल मंत्र को दोहराते हुए जवानों से आह्वान किया कि वे हर चुनौती का सामना साहस और धैर्य के साथ करें तथा समाज में न्याय और शांति बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

### प्रशिक्षण से तैयार हुए सक्षम जवान

डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि इन जवानों को प्रशिक्षण के दौरान शारीरिक फिटनेस, कानून की गहन जानकारी, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की क्षमता और आधुनिक पुलिसिंग तकनीकों का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह परेड जवानों के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो उन्हें जिम्मेदारी और सेवा के नए रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

इस नए बैच में महिला और पुरुष दोनों वर्गों के जवान शामिल हैं, जो पुलिस बल को और अधिक समावेशी और प्रभावी बनाएंगे।

1400 नए पुलिसकर्मियों के जुड़ने से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में और अधिक तेजी और प्रभावशीलता आएगी। समारोह के दौरान पुलिस लाइन में अनुशासन, उत्साह और गर्व का अनूठा संगम देखने को मिला। यह पासिंग आउट परेड न केवल नए जवानों के लिए एक नई शुरूआत का प्रतीक बनी, बल्कि यह भी दशार्ती है कि गाजियाबाद पुलिस निरंतर सशक्त, आधुनिक और जनता के प्रति जवाबदेह बनती जा रही है।

# नारी शक्ति की हुंकार: 33% आरक्षण पर गाजियाबाद में जन आक्रोश, 2027 में जवाब देने की चेतावनी

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के रेड बैंक्विट हॉल में आयोजित जन आक्रोश सम्मेलन में महिलाओं का जबरदस्त उत्साह और आक्रोश देखने को मिला। बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने 33 प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद करते हुए विपक्ष के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। सम्मेलन में नारी शक्ति की भागीदारी और जोश ने पूरे माहौल को ऊर्जा से भर दिया।







कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती गीता शाक्य ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी के बाद पहली बार केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि यह कदम देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की रूढ़िवादी सोच के कारण इस महत्वपूर्ण विधेयक को बाधित किया जा रहा है, लेकिन भविष्य में इसके लागू होने की पूरी संभावना है। गाजियाबाद की पूर्व महापौर श्रीमती आशा शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को जो सम्मान और अधिकार मिल रहे हैं, उन्हें कमजोर करने का प्रयास विपक्ष द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति अब जागरूक है और समय आने पर इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से दिया जाएगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति और समाज को सशक्त बनाने में महिलाओं की भूमिका हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के खिलाफ सुनियोजित साजिश कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन चौधरी शीतल देओल और डॉ. रिचा भदौरिया ने किया। इस अवसर पर कई मेधावी छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला शक्ति ने विपक्ष का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के मुद्दे पर राजनीति की गई, तो वर्ष 2027 के चुनाव में विपक्ष को इसका करारा जवाब दिया जाएगा। सम्मेलन में मौजूद महिलाओं ने नारी शक्ति के सम्मान और अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प भी लिया।

# जर्जर अंबेडकर पार्क का होगा कायाकल्प, विधायक संजीव शर्मा ने दिए सुधार के निर्देश

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** क्षेत्रवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सक्रिय पहल करते हुए विधायक संजीव शर्मा ने वार्ड-25 स्थित अंबेडकर पार्क के सुधार के लिए ठोस कदम उठाए हैं। 19 अप्रैल 2026 को पार्षद कन्हैया लाल द्वारा पार्क की जर्जर स्थिति, गंदगी और अव्यवस्थाओं को लेकर अवगत कराए जाने पर विधायक ने तत्काल संज्ञान लिया। विधायक द्वारा यूपीसीडा के संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसके तहत उपसिदा के प्रबंधक (सिविल), निर्माण खंड-प्रथम को पार्क में साफ-सफाई, हरियाली विकास, प्रकाश व्यवस्था और समुचित सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही, इन कार्यों के लिए विस्तृत आगणन (एस्टीमेट) तैयार कर मुख्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो सके। इस संबंध में विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पार्कों का विकास न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है, बल्कि लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण भी प्रदान करता है। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# सड़क पर शराबखोरी पर सख्त वार: गाजियाबाद पुलिस का 2 घंटे का सघन अभियान, 603 लोग हिरासत में

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन कायम रखने के उद्देश्य से कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस ने 25 अप्रैल 2026 की शाम 7:00 बजे से 9:00 बजे तक विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस आयुक्त के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ संचालित किया गया।

अभियान के दौरान शराब के ठेकों के आसपास, सड़कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाई गई। कुल 188 स्थानों पर चेकिंग करते हुए 2686 व्यक्तियों की जांच की गई। इनमें से 603 लोगों को हिरासत में लिया गया, जो खुलेआम शराब पीकर राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहे थे।

हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के खिलाफ मेडिकल परीक्षण कराते हुए 34 पुलिस एक्ट और धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। वहीं कुछ लोगों को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ा गया।





### जोनवार कार्रवाई का विवरण

- नगर जोन: 37 स्थान, 886 व्यक्ति चेक, 100 हिरासत
- ट्रांस हिंडन जोन: 53 स्थान, 755 व्यक्ति चेक, 184 हिरासत
- ग्रामीण जोन: 98 स्थान, 1045 व्यक्ति चेक, 319 हिरासत
- कुल: 188 स्थान, 2686 चेकिंग, 603 हिरासत, 574 चालान

इस अभियान में सभी सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई और विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर चेकिंग की।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान न केवल सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन बनाए रखने के लिए है, बल्कि असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। गाजियाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है और भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाते रहेंगे, ताकि शहर को सुरक्षित और अनुशासित बनाया जा सके।

# गाजियाबाद में नाबालिग लड़की बरामद, पानीपत से भगाकर लाने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना टीला मोड़ क्षेत्र के आजाद विहार में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हरियाणा के पानीपत से भगाकर लाई गई नाबालिग हिंदू लड़की को सकुशल बरामद कर लिया। इस कार्रवाई में हिंदू रक्षा दल के कार्यकताओं की सूचना महत्वपूर्ण साबित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरियाणा के पानीपत क्षेत्र से दो सगे भाई—शुबान अली और लियाकत अली—नाबालिग लड़की को बहला—फुसलाकर अपने साथ गाजियाबाद ले आए थे। दोनों आरोपी आजाद विहार स्थित एक किराए के मकान में लड़की के साथ रह रहे थे। इस मामले में पानीपत में पहले से ही मुकदमा दर्ज था, जिसके आधार पर हरियाणा पुलिस भी सक्रिय थी। हिंदू रक्षा दल के कार्यकताओं द्वारा मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और लड़की को बरामद कर लिया। साथ ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई के बाद हरियाणा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए लड़की को अपने साथ ले गई। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को भी हरियाणा पुलिस अपने साथ ले गई है, जहां आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में विधिक प्रक्रिया के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है और नाबालिग की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि इस तरह की किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# गाजियाबाद में भाजपा का दो दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण महाभियान सफलतापूर्वक संपन्न




वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत गाजियाबाद महानगर में दो दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के निर्देशन में शहर विधानसभा एवं मुरादनगर विधानसभा के सक्रिय कार्यकताओं के लिए यह प्रशिक्षण वर्ग नंदग्राम स्थित मदर इंडिया पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व महापौर आशु वर्मा, वरिष्ठ नेता बृजपाल सिंह तेवतिया, अनिल खेड़ा, प्रदीप चौधरी और ललित कश्यप द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में सात अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी की विचारधारा, कार्यपद्धति और संगठनात्मक मजबूती से जुड़े विषयों पर वरिष्ठ नेताओं ने मार्गदर्शन दिया। प्रमुख सत्रों में इतिहास विकास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य पद्धति, कार्य विस्तार, बूथ प्रबंधन, सरकार की उपलब्धियां तथा सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग जैसे विषय शामिल रहे।

कार्यक्रम की जिम्मेदारियां सुव्यवस्थित रूप से तय की गईं, जिसमें वर्ग प्रभारी अनिल खेड़ा, वर्ग प्रमुख प्रदीप चौधरी, कार्यक्रम प्रमुख प्रीति चंद्र राय, व्यवस्था प्रमुख बलराम रावल, भोजन प्रमुख ललित कश्यप, सभागार व्यवस्था नीरज त्यागी, अतिथि स्वागत ललित कश्यप, प्रदर्शनी विनीत शर्मा तथा पंजीकरण की जिम्मेदारी प्रिया आर्य, संजना कालिंदिनी और रवि रंजन ने संभाली। इस प्रशिक्षण महाभियान का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को वैचारिक, संगठनात्मक एवं कार्यकुशलता के स्तर पर सशक्त बनाना है, ताकि वे पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचा सकें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नंदग्राम मंडल अध्यक्ष हेमंत त्यागी का विशेष सहयोग रहा। वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी ने प्रशिक्षण वर्ग को प्रभावशाली और सफल बनाया।

# भीषण गर्मी में राहत का इंतजाम: अट्टा चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने लगाए कैनोपी, ठंडे पानी की व्यवस्था



वेलकम इंडिया संवाददाता



**नोएडा।** हीट वेव (लू) के रेड अलर्ट को देखते हुए नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने मानवीय पहल करते हुए अट्टा चौक मार्ग पर विशेष व्यवस्थाएं कीं। डीसीपी ट्रैफिक के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के तहत ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिसकर्मियों और आम जनता को तेज धूप से बचाने के लिए कैनोपी/छाता लगाए गए, साथ ही शीतल पेयजल की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

गौरतलब है कि इन दिनों बढ़ती गर्मी और लू के चलते सड़क पर काम करने वाले पुलिसकर्मियों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में नोएडा ट्रैफिक पुलिस की यह पहल राहत भरी साबित हो रही है। अट्टा चौक जैसे व्यस्त चौराहे पर इस तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराना न केवल पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता को दशार्ता है, बल्कि आम नागरिकों के प्रति भी जिम्मेदारी का परिचायक है। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हीट वेव के प्रभाव को देखते हुए आगे भी इस तरह के राहत कार्य जारी रहेंगे। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि वे अत्यधिक गर्मी में सावधानी बरतें, जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें और पर्याप्त पानी का सेवन करें। किसी भी यातायात संबंधी सहायता या सूचना के लिए हेल्पलाइन नंबर 9971009001 जारी किया गया है, जिस पर नागरिक तत्काल संपर्क कर सकते हैं।

# चलती वैन बनी आग का गोला, बाल-बाल बची चालक की जान



गाजियाबाद। सिद्धार्थ विहार क्षेत्र में उस समय अफरा–तफरी का माहौल बन गया, जब थाना विजयनगर क्षेत्र के अंतर्गत गंगाजल पिंक बूथ चौकी के पास कट पर चल रही एक वैन में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी वैन धू–धू कर जलने लगी और आग का गोला बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वैन में अचानक धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जो राहत की बात रही। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।


## शोक संदेश

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारी पूजनीय माताश्री

**श्रीमती राजेश्वरी मिश्रा**
(धर्मपत्नी श्री रघुवंश मणि मिश्रा)



का स्वर्गवास दिनाँक **15 अप्रैल 2026**, दिन बुधवार को हो गया था। जिनकी आत्मशांति हेतु त्रियोदशी संस्कार एवं शांतिभोज दिनांक **27-अप्रैल-2026** दिन सोमवार दोपहर **2** बजे से है।
**जिसमें आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।**

**स्थान- मधुवन मैरिज लॉन 267, सेक्टर-13, सी-ब्लाक, राजाजीपुरम, लखनऊ ॥**

**समस्त मिश्र परिवार**
रघुवंश मणि मिश्रा +91 9565489953
आनंद प्रकाश मिश्रा(इंस्पेक्टर) +91 96279 20005 +91 98971 51151

For Location